

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 17 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-019 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112





# रामलला का हुआ सूर्य तिलक

## राम नवमी पर अयोध्या में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**अयोध्या,17 अप्रैल.** राम नवमी के अवसर पर आज अयोध्या राम मंदिर में राम लला का सूर्य तिलक किया गया. सूरज की एक किरण ने राम लला की मूर्ति के माथे को रोशन किया. सूर्य तिलक दर्पण और लेंस के नए सिस्टम की वजह से हुआ, जिसकी वजह से सूर्य की किरण मूर्ति के माथे पर आई. अब हर साल राम नवमी पर रामलला का सूर्य तिलक किया जाएगा. बता दें कि राम मंदिर में रामनवमी का मुख्य पर्व आज पहली बार मनाया जा रहा है. आज राम नवमी पर अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है. सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है.

## नंगे पैर और सीने पर हाथ,मोदी ने प्रचार के बीच देखा रामलला का सूर्य तिलक

**नई दिल्ली,17 अप्रैल.** अयोध्या में आज रामनवमी के मौके पर रामलला का भव्य 'सूर्य तिलक' का आयोजन हुआ। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। सभा को संबोधित करने के बाद उन्होंने हेलीकॉप्टर में इस अभिषेक को अपने टैब पर देखा। इस दौरान पीएम मोदी भावुक दिखे। उन्होंने अपने जूते उतार रखे थे और एक हाथ अपने सीने से लगाकर रामलला की अराधना करते दिखे। पीएम मोदी ने इस पल की दो तस्वीरें भी जारी की हैं। उन्होंने लिखा, नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। आपको बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नए मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। दोपहर 12 बजे करीब सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ीं और दर्पण व लेंस से जुड़े एक विस्तृत तंत्र द्वारा उनका 'सूर्य तिलक' हुआ। इस प्रणाली का परीक्षण वैज्ञानिकों ने मंगलवार को किया। इसे 'सूर्य तिलक परियोजना' का नाम दिया गया था। इससे पहले, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)-सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिक डॉ एस के पाणिग्रही ने को बताया कि सूर्य तिलक परियोजना का मूल उद्देश्य रामनवमी के दिन श्री राम की मूर्ति के मस्तक पर एक तिलक लगाना है। परियोजना के तहत, रामनवमी के दिन दोपहर के समय भगवान राम के मस्तक पर सूर्य की रोशनी लाई गई। उन?होंने बताया कि सूर्य तिलक परियोजना के तहत हर साल चैत्र माह में श्री रामनवमी पर दोपहर 12 बजे से भगवान राम के मस्तक पर सूर्य की रोशनी से तिलक किया जाएगा और हर साल इस दिन आकाश पर सूर्य की स्थिति बदलती है।



## मर्यादा मंत्र

**प्रकाश शर्मा**

हिन्दू पंचांग के अनुसार आज ही के दिन पृथ्वी लोक में श्री राम काल का श्रीगणेश हुआ था। त्रेता युग में भगवान श्री राम ने जन्म लेकर मर्यादा का संदेश दिया था। रामनवमीं के दिन ही सांध्य दैनिक के रूप में तरुण छत्तीसगढ़ ने समाचार पत्रों की दुनिया में कदम रखा था। तब अंग्रेजी माह के मुताबिक तारीख 30 मार्च और वर्ष 1985 था। यानी खबरों की निरंतर यात्रा का 40 वें वर्ष में प्रवेश। बीते 30 मार्च को संघर्ष से सफलता पर बात खत्म हुई थी। आज रामनवमीं पर प्रभु का स्मरण करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के देश में टूटती मर्यादाओं पर चिंता व्यक्त करेंगे। संघर्ष पथ पर भी कदम बढ़ाने के लिए मर्यादा का होना जरूरी है। इसका मजबूत उदाहरण प्रभु श्री राम का वनवास काल और तरुण छत्तीसगढ़ है। तमाम संकटों व बाधा के बावजूद प्रभु ने मर्यादा का साथ नहीं छोड़ा। माता कैकेयी की इच्छा पर पिता महाराज दशरथ की वनवास आज्ञा का पालन करके एक पुत्र ने मर्यादा का ही तो पालन किया था। सच कहें तो



भगवान श्री राम का भू-लोक में जीवनकाल मर्यादा के महाकाव्य के रूप में रहा है। वनवास काल में मर्यादा का तटबंध तोडऩे का दुष्परिणाम भी सामने आया था। लक्ष्मण रेखा रूपी मर्यादा की सीमा को यदि मां जानकी नहीं लांघी होतीं तो तब लंका कांड भी नहीं हुआ होता। 14 वर्ष का वनवास काटकर भगवान अयोध्या लौट आते। मर्यादा लांघने वाले शिशुपाल का भगवान श्री कृष्ण ने क्या हश्र किया सभी सनातनी अवगत है। भारत मर्यादा व संस्कार का देश है। अब तो इसका आकर्षण विदेशों तक फैल गया है। अयोध्या में रघुराज के भव्य मंदिर का निर्माण न्यायालय का फैसला व धर्मशास्त्रों की मर्यादाओं को ध्यान में रखकर ही किया गया है। तरुण छत्तीसगढ़ के स्वरूप को भी मर्यादाओं की स्याही और संस्कारों की तुलिका से आकार दिया गया है। तरुण छत्तीसगढ़ जनसेवा का माध्यम बनकर ईमानदारी के फ्रेम में मढ़ा हुआ है। तभी यह समाचार पत्र अब तक बेदाग रहा है। तरुण छत्तीसगढ़ झूठ और बेईमानी के आगे %झुकेगा नहीं' के सिद्धांत का दामन छोड़ा नहीं है। ऐसा नहीं है कि तरुण छत्तीसगढ़ के सामने खबरों के प्रकाशन को लेकर सौदेबाजी करने वाले लोग नहीं आए हैं। ऐसे लोगों को किस तरह का जवाब मिला होगा यह तरुण छत्तीसगढ़ की 39नंधधधधधधंध वर्षों की अनथक यात्रा से अंदाज लगाया जा सकता हे। दरअसल मर्यादा एक ऐसी सम्पत्ति है जो आपके चरित्र को हमेशा उजली रखती है। वरना अमर्यादित व्यक्ति जाहिल व गंवार जैसे अलंकरण से नवाजे जाते हैं।

तरुण छत्तीसगढ़ ने भगवान श्री राम के चरित्र व जीवन शैली को अपनाने की कोशिश की है। तरुण छत्तीसगढ़ भोलेनाथ की तरह विशाल हृदय का है तो शिव की तरह क्रोधी भी है। तरुण छत्तीसगढ़ का एक रूप ग्राम तुलसी स्थित शिवधाम भी है जहां मर्यादा की लक्ष्मण रेखा पार नहीं करने की प्रेरणा मिलती है। मर्यादा की सीमा रेखा लांघना आजकल फैशन सा बन गया है। सरकारी दफ्तर हो या परिवार-समाज हर कोई अपनी जुबान व कर्तव्यों के प्रति ईमानदार नहीं रहे हैं। सबसे ज्यादा गिरावट तो राजनीति में आई है। वास्तव में राजनीति का चेहरा विद्रुप हो गया है। नेताओं की जुबान में लगाम ही नहीं रहा है। तोल-मोल के बोलने के बजाय विष वमन कर रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप तक तो ठीक है लेकिन जुबान जब मर्यादा का तटबंध तोडऩे लगे तो लोकतंत्र शर्मसार हो जाता है। ऐसी-ऐसी भाषा का उपयोग किया जाता है कि अश्लील गालियां शरमा जाए। पद की प्रतिष्ठा का भी ध्यान नहीं रखा जाता है। जुबानी तौर पर राजनीति में बेहद गिरावट आई है। राजनीति का मंच अमर्यादित हुआ है। आखिर आज के नेता अपनी आने वाली पीढ़ी को विरासत में किस तरह की राजनीति सौंपना चाहते हैं? ववंभारत दुनिया में एक मात्र ऐसा देश होगा जहां अपने ही प्रधानमंत्री को चोर, डकैत, लुटेरा, दलाल जैसे ऐसे न जाने कितने आपत्तिजनक शब्द कहे जाते हैं। संसद में बैठने वाले नेता असंसदीय भाषा का उपयोग करने लगे हैं। केवल राममंदिर का निर्माण करने से रामराज नहीं आने वाला है। इसके लिए राम के जीवन चरित्र का पालन करना होगा। राममंदिर ईंट-पत्थर-गारे से बना मंदिर भर नहीं है। यह मर्यादा का पालन, सनातन ज्ञान व भारतीय संस्कार का केन्द्र है। मंदिर मर्यादा, धैर्य, शांति व सदचरित्र के स्तंभों पर बना है। इसके द्वार और वातायान हृदय को खुला रखने का संदेश देते हैं। मंदिर की विथिकाएं कहती हैं हर इंसान को सदमार्ग पर चलना चाहिए। मंदिर की छत ने स्नेह की छाया बना कर रखा है। क्यों न लोकतंत्र के मंदिर को भी कुछ इसी तरह का स्वरूप दिया जाए।

**रामनवमीं की बधाई...**

## तीन महीने के भीतर 71 नक्सली ढेर: आईजी

### मारे गए सभी नक्सली, कोई ग्रामीण नहीं

**कांकेर,17 अप्रैल**

जिलें में सामने आये नक्सली-सुरक्षाबलों के मुठभेड़ के बाद बस्तर की कांकेर पुलिस ने प्रेसवार्ता किया और मीडिया को पूरे अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस पीसी की अगुवाई बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने की। उनके साथ कांकेर एसपी समेत बीएसएफ के अधिकारी और बड़ी संख्या में



पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे। सुंदरराज पी. ने बताया कि इस साल उन्हें नक्सल मोर्चे पर कई बड़ी सफलता हाथ लगी हैं जिसमे सबसे बड़ी सफलता कल यानि मंगलवार को मिली हैं। कांकेर के छोटा बैठिया के माड़ इलाके में उन्होंने 29 नक्सलियों को मार गिराने में कामयाबी पाई हैं। इस मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली शंकर राव और दस लाख रूपये की इनामी महिला नक्सली ललिता भी मारी गई हैं। इस एनकाउंटर में पुलिस को कोई क्षति नहीं हुई यह उनकी बड़ी उपलब्धि हैं। सुंदरराज पी ने दावा किया कि बीते तीन महीनों के भीतर उन्होंने 71 नक्सलियों को मार गिराया हैं, इनमें जयादातर वर्दीधारी नक्सली शामिल रहे हैं। पुलिस ने तीस से ज्यादा अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किये है। इनमें एलएमजी, एके 47, इंसास और कई दूसरे हथियार भी शामिल हैं। फिलहाल सभी नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई हैं, प्रक्रिया चल रही हैं। सुरक्षाबलों ने मंगलवार रात मुठभेड़ में जिन 29 नक्सलियों को मार गिराया है, उनमें दो बड़े नक्सल भी शामिल हैं, इनमें से एक की पहचान शंकर राव के रूप में और दूसरे की पहचान ललिता के रूप में की गई है. इसके साथ ही बस्तर आईजी सुंदर राज पी ने स्पष्ट किया कि मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सली हैं, कोई ग्रामीण इसमें शामिल नहीं है.

### नक्सली मुठभेड़ फर्जी है तो उसको प्रमाणित करें : सीएम

**रायपुर,17 अप्रैल.** कल हुई कांकेर जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में पुलिस नक्सली मुठभेड़ पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रेसवार्ता कर कहा- यह जवानों की सफलता है। डीआरजी और बीएसएफ के जवानों ने नक्सलियों को उनके मांद में घुसकर मार गिराया है। इस ऐतिहासिक सफलता पर जवानों और सुरक्षाकर्मियों को मुख्यमंत्री साय ने बधाई दी। वहीं घायल तीन जवानों को एयर लिप्ट कर राजधानी में लाया गया। जहां उनके बेहतर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कर उनका बेहतर ईलाज कराया जा रहा है। तीनों जवान खतरे से बाहर है। जिसमें एक जवान के जांग में गोली लगी है, दूसरे के पांव में गोली में दोनों का उपचार जारी है। सीएम ने कहा कि नक्सली हर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हिंसात्मक करने की कोशिश करते हैं।

### बघेल ने 'फर्जी मुठभेड़' पर दी सफाई

**रायपुर,17 अप्रैल.** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुरक्षाबलों के द्वारा 29 नक्सलियों के मारे जाने की घटना को 'फर्जी' बताए जाने वाले बयान से पल्ला झाड़ लिया है. इसके साथ उन्होंने इसे सुरक्षा बल की बड़ी कामयाबी करार देते हुए इसके लिए जवानों को बधाई दी है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पूर्व घटित नक्सल घटना को लेकर दिए गए मेरे बयान को अभी की घटना से जोड़ कर बताया गया है. भाजपा वाले ऐसा कर रहे हैं, यह बेहद दुर्गभाग्यजनक है. उन्होंने कहा कि मैंने फर्जी मुठभेड़ की बात पूर्व घटित घटना के विषय में कहा था, जिसमें ग्रामीणों की ओर से आरोप लगाए थे. अभी 29 नक्सलियों को सुरक्षा बल के जवानों से मार गिराया है, यह बड़ी कामयाबी है. मैं इस सफलता के लिए बधाई देता हूं.



रायपुर। नवरात्रि के अंतिम दिन पर जवांरा व ज्योति कलश का विसर्जन किया गया. इस अवसर पर विभिन्न मोहल्लों से शोभायात्रा निकाली गई. कई युवक बाना धारण किए हुए थे.

## प्रमोशन में आरक्षण के पूर्ववर्ती सरकार के आदेश को हाईकोर्ट ने किया पूर्णतः निरस्त

**बिलासपुर,17 अप्रैल.** प्रमोशन में आरक्षण मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए 2019 के राज्य सरकार के आदेश को पूर्णतः निरस्त कर दिया है. इससे पहले अदालत ने इस पर रोक लगाई थी. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने पूरे केस की सुनवाई करने के बाद अपना फैसला सुनाते हुए याचिका निराकृत कर दी है. 5 मार्च को सुनवाई पूरी होने के बाद हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था.

बता दें कि, राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर 2019 को प्रदेश में प्रमोशन पर आरक्षण के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था. इस नोटिफिकेशन तहत प्रथम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने की बात कही गई थी. इसमें अनुसूचित जाति को 13 फीसदी, जबकि अनुसूचित जन जाति के लिए 32 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई है.

नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया था कि यह आरक्षण प्रथम श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के उच्च वेतनमान के पदों पर पदोन्नति होने, द्वितीय श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति और तृतीय श्रेणी के पदों पर पदोन्नत होने पर दिया जाएगा. लेकिन राज्य सरकार के इस अधिसूचना के खिलाफ रायपुर के एस. संतोष कुमार ने अधिवक्ता योगेश्वर शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी, साथ ही अन्य याचिकाएं लगाई गई थीं. जिसमें कहा गया कि पदोन्नति में आरक्षण सुप्रीम कोर्ट के दिशा- निर्देशों और आरक्षण नियमों के खिलाफ है,

## बैज ने 29 नक्सलियों के मारे जाने के दावे पर जताया संदेह

**रायपुर,17 अप्रैल.** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नक्सलियों के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान के बाद अब पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने पर सवाल खड़ा किया है. उन्होंने कहा कि सरकार का दावा अगर सच है तो बड़ी उपलब्धि है, यदि निर्दोष ग्रामीण हैं, तो सरकार पर प्रश्न चिन्ह है. सत्य सामने आना चाहिए. सच में नक्सली हैं, कही निर्दोष ग्रामीण तो नहीं. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बस्तर में नक्सली मुठभेड़ में बाहरी ताक़तों का हाथ होने पर कहा कि बाहरी ताक़त है, तो ये सरकार का फेलियर है. सरकार की नीयत साफ़ नहीं है. साय सरकार पूरी तरह से कंफ्यूज है. सरकार अलग बात करती है.

एक नजर

## विजय संकल्प यात्रा यज्ञ में शामिल हुए सांसद बघेल



भिलाई, 17 अप्रैल। भाजपा समर्थक मंच के सौजन्य से गायत्री मंदिर सेक्टर-6 में दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल के विजय को लगभग पांच लाख मतों से अधिक के प्राप्ति के लक्ष्य प्राप्ति के लिए विजय संकल्प यात्रा यज्ञ करवाया गया एवं श्रीराम जयराम जयजयराम विजय मंत्र तथा सीताराम भजन के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ। मुख्य रुप से प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक भानुजी राव, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोज ठाकरे के नेतृत्व में दुर्ग लोकसभा के सभी ग्यारह क्षेत्रों में इस यज्ञ के आयोजन की तैयारियां हो रही हैं। दुर्ग में सभी नौ विधानसभाओं में यह यज्ञ होना है। ग्राम उतई, पाटन, टंकी मरोदा, कुम्हारी में यज्ञ होना निश्चित हुआ। सांसद विजय बघेल सपत्नी एवं परिवार सहित तथा समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा समर्थक मंच के पदाधिकारियों की उपस्थिति में इस पावन अनुष्ठान में सम्मिलित हुए। भानु जी राव एवं मनोज ठाकरे के साथ समर्थक मंच के पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह, बालू राम वर्मा, दीपांकर दास, छोटू चांवला, किशोर कन्नौजे, रजनीकांत पांडे, पंडित जयदेव शास्त्री, अभिलाष दीक्षित, पी एल.स्वर्णकार, श्रीमती रिषि लता चंद्राकर, सुश्री नीता चौरसिया तथा समर्थक मंच के अनेक कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विदित हो कि समर्थक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष भानु जी राव एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद सिंह के सामूहिक नेतृत्व में संपूर्ण भारत तथा दक्षिण भारत के सभी पांचों प्रदेशों में विगत छ॰ माहों से एक बार पूरा भ्रमण कर नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के प्रचार प्रसार के लक्ष्य की पूर्ति का कार्य संपन्न हुआ ।

## संयंत्र के नगर सेवा विभाग ने लक्ष्य से अधिक राजस्व एकत्र कर बनाया कीर्तिमान

भिलाई, 17 अप्रैल। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग ने 100.55 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्र कर कीर्तिमान स्थापित किया है। आलोच्य वर्ष में नगर सेवा विभाग को 97 करोड़ राजस्व एकत्र करने का लक्ष्य था। इसकी तुलना में 100.55 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्र किया है। वित्त वर्ष की श्रेष्ठ निष्पादन के साथ समाप्ति पर संयंत्र बिरादरी को बधाई देने के लिये संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के नेतृत्व में संयंत्र प्रबंधन की टीम ने प्रत्येक विभाग में जाकर संयंत्र बिरादरी के सदस्यों को सफल विगत वर्ष की पूर्णता के लिये बधाई दी और श्रेष्ठ निष्पादन के लिये सभी सदस्यों की व्यक्तिगत तौर पर सराहना की। नगर सेवा विभाग ने विगत वित्त वर्ष 2022-23 में 91.75 करोड़ राजस्व की प्राप्ति की थी। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में 100.55 करोड़ का राजस्व एकत्र कर लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2021-22 में 86.26 करोड़, वित्त वर्ष 2020-21 में 80 करोड़ रूपये और वित्त वर्ष 2019-20 में 66.49 करोड़ रूपये राजस्व एकत्र किया था। वर्ष 21 एवं 22 में करोना महामारी के बावजूद नगर सेवा विभाग ने राजस्व एकत्र करने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की थी। राजस्व वसूली के लिये विशेष रूप से प्रयास कर 31 मार्च, 2024 के पूर्व अपने लक्ष्य को पार करने में सफल रहा।

## युवती से छेड़छाड़, कार्रवाई की मांग



भिलाई, 17 अप्रैल। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र में दिन के वक्ते सुपेला कर्मा भवन में घुसकर तीन युवकों ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ की कोशिश करने का मामला सामने आया है घटना के बाद साहू समाज के कार्यकताओं की भीड़ सुपेला थाने पहुंचकर कार्रवाई की मागं की है मिली जानकारी के अनुसार कर्मा भवन में कुछ युवतियां खाना बनाने का काम करती है और सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में तीन टाइम का खाना सप्लाई करती है। मंगलवार को दिन में कुछ युवक कर्मा भवन के कमरे में घुसकर एक युवती से छेड़छाड़ की कोशिश की। वहां पर मौजूद लोगों की मदद से युवती बच गई। ऐसा नहीं होता तो बड़ी घटना घट सकती थी घटना के बाद साहू समाज के लोग आक्रोशित हो गए समाज के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। कार्यकर्ता युवकों की गिरफ्तारी की मांग की। समाज के कार्यकताओं ने कहा कि ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें अन्यथा साहू समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा

### महिलाओं ने विशाल कलश शोभायात्रा निकाली

# ओदरागहन में मनाया गया परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




उतई, 17 अप्रैल। परिक्षेत्रीय साहू संघ बेल्हारी द्वारा परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन ग्राम ओदरागहन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात में समाज की महिलाओं द्वारा विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा में युवक-युवती ढोल ताशे की थाप पर जमकर थिरके। कार्यक्रम स्थल में कलश शोभायात्रा पहुंचने के बाद समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की आरती पूजा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग ने कहा संगठन एवं समर्पण में ही शक्ति है। भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है, समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करें। तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने ग्राम पतोरा में आयोजित कर्मा महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह में शामिल होने न्यौता दिया एवं कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तहसील साहू संघ पाटन द्वारा 21 बिंदुओं का अध्यादेश लाया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा हिन्दू धर्म को छोड़कर दूसरे धर्म को अपना रहे है इस बात पर चिंता जरूर करें। अगर धर्म ही नही बचेगा तो समाज की कल्पना करना संभव नही है। महासचिव खेमलाल साहू ने लगातार बढ़ रहे अंतरजातीय विवाह पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और समाज की पाठशाला में शामिल होने के लिये पालकों को प्रेरित करें। न्याय प्रकोष्ठ संयोजक धनराज साहू ने कहा की सामाजिक संगठन बनाए रखने स्वजाति बंधुओं को समाज के प्रत्येक व्यक्ति के साथ हर क्षेत्र में खड़े रहना चाहिए। उपाध्यक्ष प्रदेश साहू समाज छत्तीसगढ़ श्रीमति चंद्रिका साहू के कहा की समाज में महिलाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है 7 मंच में पूर्व अध्यक्ष अश्विनी साहू, धनराज साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू, तहसील साहू संघ संगठन सचिव किशोर साहू,महेंद्र साहू, परिषेत्रिय अध्यक्ष हरिशंकर साहू, तहसील साहू समाज मीडिया प्रभारी किशन हिरवानी, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका कमलेश्वरी साहू,चांदनी साहू ,जोगी राम साहू, परिक्षेत्रय अध्यक्ष टेस राम साहू , नारद साहू सहित अन्य मंचस्थ थे। स्वागत भाषण परिक्षेत्रीय अध्यक्ष टेसराम साहू ने दिया। मंच संचालन छगन साहू,तरुण साहू ने किया।

मौके पर प्रमुख रूप से जोगीराम साहू,जीवधन साहू,भूमिका गंजीर,कोमिन साहू,यशवंत साहू,नारद साहू,नूतन साहू,टीकाराम साहू,नरेंद्र साहू,किरण साहू,सतरूपा साहू, पुरुषोत्तम हिरवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक रिकेश ने ली सर्व समाज प्रमुखों की बैठक




भिलाई, 17 अप्रैल। तीसरी बार मोदी सरकार बनाने और दुर्ग लोकसभा अंतर्गत वैशाली नगर से विजय बघेल को एक लाख मतों से लीड दिलाने वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन संगठनात्मक टीम और भाजपा की टोली के साथ हर रोज निगम के अलग-अलग वार्डों में घर-घर जनसंपर्क कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने पार्टी के निर्देश पर चिकित्सक, शिक्षक सहित युवाओं को साधने उनके साथ सीटिंग की और विभिन्न क्षेत्रीय समाज के प्रमुखों के साथ विधायक नेचर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनवाई। सेन ने कहा कि हमारा समाज कर्म प्रधान जरूर है लेकिन अपने धर्म और आस्था का भी हम सभी बराबर सम्मान करते हैं। जो कांग्रेस भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताती थी वही आज वोट मांगने हमारे पास आ रही है। पिछली बार आपने एक वोट विजय बघेल को दिया तो टैंट में विराजमान भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना। अमूमन एक वर्ष में हम घर नहीं बना पाते मगर मोदी की सरकार ने रामलला का विशाल मंदिर बनवाया। विधायक रिकेश सेन ने धारा 370 सहित मोदी की जनोपयोगी योजनाओं का जिक्र करते हुए सर्व समाज प्रमुखों से अपील की कि वे मोदीजी को तीसरी बार अवश्य प्रधानमंत्री बनाने के लिए दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल को सबसे बड़ी विजय अवश्य दिलावें।



## मोर गांव के शीतला दाई तोला बन्दौ ओ..

### हवन-पूजन एवं कन्या भोज के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन

भिलाई, 17 अप्रैल। नौ दिनों तक चलने वाले चैत्र नवरात्रि महापर्व का धार्मिक एवं पारंपरिक रीति से समापन हुआ। मंगलवार को महाष्टमी की हवन-आरती की पश्चात् आज बुधवार नवमी को कन्या भोज एवं भोग-भंडारे के साथ चैत्र नवरात्रि महापर्व का अनुष्ठान संपन्न हुआ। रामनवमी पर्व के चलते आज शहर में अपूर्व उल्लास का माहौल है। संध्या राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न होगा। आज चैत्र नवरात्रि महापर्व के नवमी तिथि के अवसर पर देवी भक्तों में उत्साह एवं उल्लास का माहौल देखा जा रहा है। जगह-जगह कन्या भोज एवं भोग-भंडारे का आयोजन है। मंदिरों में आज भी पूजा-पाठ करने वालों की भीड़ देखी जा रही है। इसी में दुकालू यादव से लेकर अनेक छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी देवी गीत गूंज रहे है हैं। सारा माहौल भक्तिमय हो गया है। सुन्दर नगर दुर्गा मंदिर एवं शीतला मंदिर सहित समस्त मंदिरों में ज्योति कलश एवं जवारा विसर्जित कर दिए गए हैं। आज के दिन देवी-स्वरूप 9 कन्याओं को भोजन करके नवरात्रि के व्रतियों ने पारण कर उपवास का समापन किया एवं माता का आशीर्वाद प्राप्त कर सुख-शांति की कामना की।

## केस वापस नहीं लेने पर दुष्कर्म पीड़िता को धमकी

भिलाई एक दुष्कर्म पीड़िता युवती को दुष्कर्म के आरोपित युवक ने एसिड अटैक की धमकी दी है। पीड़िता ड्यूटी जाने के लिए निकली थी तभी आरोपित ने उसे रास्ते में रोका और केस वापस लेने के लिए कहा। पीड़िता ने मना किया तो आरोपित ने उससे गाली-गलौज करते हुए धमकी दी घटना की शिकायत पर जामुल पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय पीड़िता ने हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रियांश शर्मा (22) के खिलाफ शिकायत की है तीन साल से पीड़िता और आरोपित की जान पहचान थी आरोपित ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर दो साल तक उसका दैहिक शोषण किया था और बाद में शादी से मुकर गया था पीड़िता ने पुलिस से इसकी शिकायत की थी।

## बाबा दरबार में किया गया हवन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 17 अप्रैल। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व पर महाष्टमी हवन का कार्यक्रम मनाया गया दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी पंडित विनय शर्मा जी के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ हवन संम्पन किया गया तत्पश्चात नौकनिया के विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके भोजन कराया गया फिर हांथ धुलाकर दक्षिणा देकर विदाई किया गया फिर दरबार में खिर पुड़ी का प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस हवन कार्यक्रम में दुर दराज के लोग बड़ी संख्या में सामिल हुए एवं दरबार के मुख्य रुप से राजू यादव विनोद साहू गुलाब साहू नंद पंडा मनसुखा साहू गज्जू रायपुरिया बबलू साहू चीन्टू साहू भोलू साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच सुंदर स्प्रे योगेश साहू मुनना गंधर्व दिनेश साहू उमेश साहू जीवराखन ठेकेदार कुंज लाल साहू एमलाल देवांगन ओमकार साहू रुपलाल टेलर मारियल साहू गुमान टीकम साहू हेमंत तेली तोमन गजपाल कुंभकरण पटेल बाबुलाल साहू डॉ धनेशवर साहू श्रीमती बबीता साहू ललीता यादव सुनीता साहू नीरा साहू लक्ष्मी साहू दुर्गा साहू देवकी साहू अंजू देवांगन टीकेशवरी साहू संगीता सपरे हीतेश पटेल दशरी बाई पटेल देवश्री साहू मुंगा स्प्रे मंजू साहू कु पुजा साहू कु डिम्पल कु सुरुचि छोटी कु नेहा पप्पू कु वेदू साहू कु विननी साहू श्रीमती कौशिल्या सेन टिकेशवरी साहू आदि भकत गन बड़ी संख्या में शामिल रहे बुधवार शाम 4 बजे से ज्योति विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि गलती भ्रमण करते हुए शीतला तालाब पहुंच कर विसर्जन किया जाएगा यह जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्र कांत कोसरे जी एवं कुंज लाल साहू जी ने दी।

# बीएसपी ने वैल्यू एडेड स्पेशल स्टील ग्रेड का बढ़ाया उत्पादन

भिलाई, 17 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 3.85 मिलियन टन वैल्यू एडेड स्पेशल स्टील ग्रेड का उत्पादन किया है, जो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में दर्ज 3.54 मिलियन टन उत्पादन से अधिक है। वर्ष 2023-24 में स्पेशल स्टील ग्रेड का उत्पादन कुल सेलेबल स्टील उत्पादन का 73.8 प्रतिशत था। डिस्पैच के लिए स्पेशल स्टील की लोडिंग में वर्ष 2022-23 में दर्ज 3.48 मिलियन टन की तुलना में, वर्ष 2023-24 में संयंत्र द्वारा उच्चतम 3.83 मिलियन टन की लोडिंग दर्ज की गई। वर्ष 2023-24 में संयंत्र की प्लेट मिल द्वारा उत्पादित स्पेशल स्टील में 2,54,045 टन हाई टेंसाइल/सेल्मा ग्रेड प्लेट्स, 95,948 टन बॉयलर क्वालिटी ग्रेड, गैर-विनाशकारी परीक्षण के साथ 40 मिमी से अधिक मोटाई में 17,661 टन प्लेट्स, 65,970 टन नॉर्मलाइज्ड रोल्ड और 25,812 टन नॉर्मलाइज्ड माइल्ड प्लेट्स, 8466 टन सेल हार्ड ग्रेड प्लेट्स, 3155 टन कॉपर बियरिंग प्लेट और अन्य ग्रेड्स शामिल हैं। मिल ने वर्ष के दौरान नौसेना के जहाजों में उपयोग के लिए नेवल ग्रेड डीएमआर 249 ग्रेड ए की 1358 टन की लोडिंग भी की है। वर्ष 2023-24 में संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, बार एंड रॉड मिल द्वारा रोल किए गए स्पेशल स्टील ग्रेड में टीएमटी एचसीआर ग्रेड के 23,550 टन, सेल एसईक्यूआर 550डी ग्रेड के 3,32,698 टन, एफई500डी ग्रेड के 3,88,430 टन और एफई 550डी ग्रेड के 2,13,862 टन शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में संयंत्र के मर्चेंट मिल द्वारा लाइट स्ट्रक्चरल सेक्शन में एंगल्स और चैनलों के स्पेशल स्टील ग्रेड में आईएस2062 250/350 (बीआर) के 1,82,861 टन, 2062सीयू (कॉपर) ग्रेड के 8883 टन और सेल्मा2062 410 ग्रेड के 2922 टन शामिल हैं। स्पेशल ग्रेड स्टील के राउंड और बार्स सेक्शन में, मर्चेंट मिल ने 4,10,364 टन टीएमटी बार्स का उत्पादन किया, जिसके अंतर्गत 12,566 टन टीएमटी (एचसीआरएम) और 1,25,567 टन टीएमटी (550डी) शामिल है। मिल ने 2,23,334 टन टीएमटी (एफई-500डी) और 48,897 टन टीएमटी (एसईक्यूआर-550डी) का उत्पादन किया। वर्ष 2023-24 में संयंत्र के वायर रॉड मिल द्वारा उत्पादित स्पेशल स्टील ग्रेड में 29,933 टन इलेक्ट्रोड क्वालिटी (ईडब्ल्यूएनआर) आईएस-2879 वायर रॉड्स, 1,78,014 टन टीएमटी रॉड्स (500डी/550डी), जिसके अंतर्गत 9564 टन टीएमटी (एचसीआरएम) शामिल है। साथ ही मिल ने 2,43,700 टन ग्रेड-2/सीएक्यू/एमआईजी प्लेन वायर रॉड्स उत्पादन किया। यूनिवर्सल रेल मिल तथा रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल द्वारा उत्पादित आर-262 ग्रेड रेल के 1.20 मिलियन टन का संपूर्ण उत्पादन वैल्यू एडेड स्पेशल स्टील श्रेणी में आता है। संयंत्र ने अपने ग्राहकों के साथ-साथ सेल के सहयोगी इकाइयों को आपूर्ति के लिए 1,54,275 टन स्पेशल ग्रेड सेमीस का भी उत्पादन किया है।

## निगम क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मैच का आयोजन

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत फ्लड लाइट फुटबॉल मैच का आयोजन 18 अप्रैल को संध्या समय 6 से 8 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में मतदान अवश्य करने नागरिकों को जागरूक किया जा सके। कलेक्टर व निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर 2 में फ्लड लाइट फुटबॉल मैच का आयोजन 18 अप्रैल को संध्या समय 6 से 8 बजे तक किया जा रहा है। पहला मैच नगर पालिक निगम भिलाई एवं नागरिक इलेवन के बीच खेली जाएगी तथा दूसरा मैच जिला प्रशासन इलेवन व बी.एम.वाय चरोदा इलेवन के बीच खेली जावेगी। मैच में 4 टीम बनाई जाएगी, जिसमें खिलाड़ी खिलाडि़यों के परिवार के लोग एवं आम नागरिक प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी के उपस्थिति में भाग लेगे मैच स्थल पर मतदान जागरूकता का बैनर पोस्टर, झंडा सेल्फी पाइंट लगाया जायेगा। सेल्फी सेल्फी पॉइंट पर खिलाड़ी उनके परिवार के सदस्य अधिकारी गण सेल्फी लेकर के सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य लोगों को भी जागरूक करेंगे ऐसी व्यवस्था रहेगी मैच 15-15 मिनट में दो हाफ 30 मिनट का रहेगा। मैच का समापन समारोह में सभी उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक मिलकर 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ लेगे। खेल प्रतियोगिता आयोजन करने का उद्देश्य है की सभी मतदाताओं को लोकतांत्रिक कर्तव्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित करना जिससे सभी लोग अपने घरों से निकलकर समय पर मतदान करें।

## नामांकन के तीसरे दिवस 5 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र किया जमा

दुर्ग, 17 अप्रैल । लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के तीसरे दिवस संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 5 नामांकन जमा हुआ, जिसमें श्री बलदेव सिंह साहू निर्दलीय, श्री अशोक जैन निर्दलीय, श्री यशवंत साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, श्री सुखदेव टंडन, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, श्री शंकर ठाकुर गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी ने नामांकन पत्र जमा किया। आज नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन एक अभ्यर्थी श्री खिलानंद जसपाल निर्दलीय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदा। इसी प्रकार अब तक 10 अभ्यर्थियों नें अपना नामांकन पत्र जमा किये। वहीं अब तक 23 लोगों ने नामांकन खरीदी किये हैं।



## भिलाई-चरोदा में मेरा मतदान मेरा अभिमान के तहत दिलाई गयी शपथ

भिलाई, 17 अप्रैल। भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है। पिछले दिनों निगम में मेरा मतदान मेरा अभिमान के तहत शपथ दिलाई गयी। जिसमें मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया गया।

## भिलाई इस्पात संयंत्र ने किया चिकित्सा शिविरों का आयोजन



भिलाई, 17 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 16 अप्रैल ग्राम घुघवा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर का लाभ उठाते हुए ग्रामीणों ने निशुल्क उपचार कराया। चिकित्सा शिविरों के आयोजन के क्रम में 20 अप्रैल को कोनारी भरदा, 23 अप्रैल को चंगोरी, 24 अप्रैल को अंडा, 27 अप्रैल को कंचादूर तथा 30 अप्रैल को ढाबा में शिविर लगाया जाएगा। इन स्वास्थ्य शिविरों में मरीजों की सामान्य जांच करने के साथ ही आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया जाता है।

## जिला प्रशासन को मिला एक और प्रशिक्षु आईएएस



भिलाई, 17 अप्रैल। जिला प्रशासन दुर्ग को एक और प्रशिक्षु आईएएस मिला है। डॉ. एम. भार्गव ने सहायक कलेक्टर के रूप में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को अपनी ज्वाइनिंग दी।

गौरतलब है कि इन्होंने अपनी तेलंगाना के खम्मम जिले से बीडीएस की डिग्री ममता डेंटल कॉलेज से प्राप्त की है। मूलतः तेलंगाना राज्य के रहने वाले डॉ. एम. भार्गव वर्ष 2023 बैच की प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी हैं।

### बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराया गया

# 159 दिव्यांग और 85 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे किया मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





कवर्धा, 17 अप्रैल। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के मुताबिक कबीरधाम जिले के पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के चालीस प्रतिशत से उपर दिव्यांग और 85 वर्ष से उपर बुजुर्ग दिव्यांग मतदाताओं का मतदान दल के द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराया गया। आयोग के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय के निर्देश पर दोनो विधानसभा के 166 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं के लिए 21 रूट में मतदान दल रवाना किया गया था। 15 और 16 अप्रैल को 159 दिव्यांग और 85 वर्ष से उपर बुजुर्ग दिव्यांग मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 07 मतदाताओं ने मतदान नहीं कर पाएं। अनुपस्थित मतदाताओं को मतदान के लिए सूचना दी गई है। 18 अप्रैल को अनुपस्थित मतदाताओं को पुनः मतदान कराया जाएगा। दोनो विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान दल मतदान कराकर सकुशल लौट आएं है।

विधानसभा पंडरिया-विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया में कुल 36 मतदाता है, इसमें 85 वर्ष से अधिक 29 और 07 दिव्यांग मतदाता शामिल है। डाक मतपत्र के माध्यम से 15 और 16 अप्रैल को कुल 34 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान के लिए 02 मतदाता मतदान के लिए शेष बचे हुए है। शेष मतदाताओं को मतदान के लिए सूचना दी गई है।

विधानसभा कवर्धा-विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा में कुल 130 मतदाता है, इसमें 85 वर्ष से अधिक 91 और 39 दिव्यांग मतदाता शामिल है। डाक मतपत्र के माध्यम से 15 और 16 अप्रैल को कुल 125 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान के लिए 05 मतदाता मतदान के लिए शेष बचे हुए है। मतदाताओं को मतदान के लिए सूचना दी गई है। 15 अप्रैल को 77 दिव्यांग और 85 वर्ष से उपर बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया 15 अप्रैल को दोनों विधानसभा में कुल 77 दिव्यांग और 85 वर्ष से उपर बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधानसभा पंडरिया में 18 और कवर्धा में 59 मतदाताओं ने मतदान किया। विधानसभा 71-पंडरिया के लिए 3 रूट और 72-कवर्धा के लिए 7 रूट निर्धारित किए गए थे। जहां मतदान दल द्वारा मतदान की प्रक्रिया कराई गई। इसके लिए 10 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए थे।

## 85 वर्ष की महिला केशरी गुप्ता ने घर पर बैठ कर किया मतदान, जिलेवासियों से की शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा,17 अप्रैल। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को सुविधाएं प्रदान की गई है। कबीरधाम जिले के नगर पंचायत बोड़ला निवासी 85 वर्ष की महिला श्रीमती केशरी गुप्ता ने घर पर बैठकर मतदान किया। उन्होंने जिलेवासियों को शत प्रतिशत मतदान करने भी अपील की। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसे दृष्टिगत करते हुए ऐसे वोटर्स को आयोग द्वारा डोर-टू-डोर वोटिंग की सुविधा प्रदान करते हुए डाक मतपत्र से मतदान आज से किया जा रहा है। श्रीमती केशरी गुप्ता ने अपने घर पर ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जब उनके घर में निर्वाचन कराने मतदान दल पहुंचा तो चर्चा का विषय बना रहा। उन्होंने चर्चा करते हुए बताया कि घर बैठे मतदान करने का यह उनका जीवन का सुखद पल था। मतदान करने के बाद उस बुजुर्ग महिला ने जिलेवासियों से आगामी 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की है। इस बार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा मिलने से 85 वर्ष से ऊपर और 40 प्रतिशत से उपर दिव्यांग जनों को बहुत राहत और सुविधा मिल रही है। मतदान की समस्त प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई है।

**एक नजर**

## मन की सोच सुन्दर हो तो ,सारी दुनिया सुन्दर लगती है: हारुन मानिकपुरी

**छुरिया/राजनांदगांव ,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि धैर्य का दामन कभी नहीं छोड़ना चाहिए, सभी कार्य सफल होने से पहले कठिन ही दिखाई देती है। जीवन में जो कुछ मिला है उसके लिए पूरे भाव के साथ ईश्वर का धन्यवाद करें। क्योंकि जो हमें मिला है उसके लिए कई लोग ईश्वर से प्रार्थना करते होंगे। हो सकता हमें अपार धन दौलत न मिली हो , लेकिन भरा पूरा परिवार , बच्चे, दोस्त,काम और आजादी जैसी कई चीजें हैं जिसके लिए हमें ईश्वर का धन्यवाद करना चाहिए। याद रखें अच्छी सेहत से बड़ी दौलत तो दुसरी है ही नहीं। अच्छी सेहत के लिए ईश्वर का आभार करें। अपने जीवन में जो है उससे संतुष्ट रहना सीखें और सकारात्मक सोच रखे। आपको खुद महसूस होगा कि सकारात्मक होना इतना भी मुश्किल नहीं है। जब भी हताशा का सामना करना पड़े तो आजमाकर देखना कुछ ही पलों में आपका मन मस्तिष्क शांत और खुशहाल होगा। दुषित विचार एवं नकारात्मक लोगों की संगत में रहकर सकारात्मक सोचना मुश्किल है। इसे ध्यान में रखते हुए सकारात्मक सोच वाले लोगों के साथ समय व्यतीत करें और उनकी इस विशेषता की प्रशंसा भी करें।



## संतोष पांडे को भारी मतों से जिताने पर क्षेत्र का होगा चहूमुखी विकास:रमेश पटेल

**राजनांदगांव,,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा है कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। 2047 तक हमारे भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है, 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने का चुनाव है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पटेल ने कहा कि मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया हैं और पूरे विश्व में भारत का डंका बजाया हैं । मोदी जी ने अपनी दूरदृष्टि से भारत को आर्थिक स्थिति की दृष्टि से 11वें स्थान से 5वें स्थान पर लाकर गरिमा बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है इसलिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। रमेश पटेल ने कहा कि आप सभी संतोष पांडे को भारी मतों से जिताएं, सांसद के रूप में दिल्ली भेजें और तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं। उन्होंने कहा कि संतोष पांडे बहुत ही लोकप्रिय, बहुत ही दमदार सांसद हैं, जो आप सबकी बातों को दमदारी से संसद में रखते रहें हैं। उन्होंने बताया कि संसद में सर्वाधिक सक्रिय रहने वाले संतोष पांडे ने न केवल राजनांदगांव बल्कि छत्तीसगढ़ की कई समस्याओं को मुखर होकर संतोष पांडे ने संसद में आवाज उठाई और कई ट्रेनों का स्टॉपेज राजनांदगांव में करवाया, साथ ही डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल मार्ग की स्वीकृति भी अपने प्रयासों से दिलवाई। संसद में राम मंदिर के ऊपर जारी बहस पर सरकार का पक्ष रखने के लिए मोदी जी ने तीन लोगों को अवसर दिया, जिसमें सांसद संतोष पांडे ने प्रभु श्री राम मंदिर पर अपना पक्ष रखा था, और सनातन धर्म की ओर से अपनी बात रखी थी । छत्तीसगढ़ के सभी 11 सांसदों में सांसद निधि के बजट का सर्वाधिक सक्रियता से उपयोग करने वाले सांसद संतोष पांडे प्रथम स्थान पर रहे हैं, जो उनकी सक्रियता को दर्शाता है।

## एयरटेल का नेटवर्क सबसे अच्छा

**रायपुर ,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** नेटवर्क और कस्टमर के अनुभवों को स्वतंत्र रूप से मानकों पर परखने वाली कंपनी ओपन सिग्नल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एयरटेल को 5त्र नेटवर्क पर सबसे अच्छे वीडियो अनुभव के लिए अवार्ड दिया है। ओपन सिग्नल सही मायनों में मोबाइल प्रयोग करने वाले ग्राहकों के अनुभव को समझने का सटीक पैमाना है। एयरटेल ने लाइव और ऑन-डिमांड वीडियो स्ट्रीमिंग दोनों में सबसे अच्छा और बिना किसी रुकावट के एक्सपीरियंस दिया है और 5जी वीडियो स्ट्रीमिंग अनुभव के मामले में चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके अलावा, कंपनी वॉयस एप एक्सपीरियंस में भी सबसे आगे है, मल्टीप्लेयर मोबाइल गेम खेलने और ओटीटी वॉयस सर्विसेज का इस्तेमाल करने के लिए बिना किसी रुकावट के कनेक्शन प्रदान करती है। एयरटेल ने देश भर में विजयी 25.1 एमबीपीएस स्कोर के साथ 5त्र अपलोड स्पीड का अवॉर्ड भी जीता है।

# मटियाखार में जुआ खेलते 7 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**डोंगरगांव,17 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**



दिनांक 16.04.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व क्षेत्र मे चोरी , लुट , अवैध शराब बिक्री , जैसे संवेदनशील मामलो पर नजर रखी जा रही है , कि दिनांक 16.04.24 को थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा प्राप्त मुखबीर सुचना पर मटिया खार ग्राम- मटिया मे जुआ के फड़ पर अचानक पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर 07 जुआरियानों को रंगे हाथों धर दबोचा एवं जुआरियान आरोपी के पास से व जुआ के फड़ से कुल नगदी 5520/- रूपये एवं 52 पत्ती ताश व सफेद रंग के प्लास्टिक की एक बोरी को जप्त कर जुआरियान 1.हरी राम पटेल पिता कोमल पटेला उम्र- 25 साल, पता -वार्ड नं0 13 ग्राम मटिया, थाना डोंगरगांव जिला राज0 2. रोशन निषाद पिता, धनेश निषाद उम्र 35 साल पता - वार्ड नं0 12 ग्राम मटिया थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव 3. डोंमन पटेल पिता स्व0 मनोहर पटेल उम्र 30 साल पता - वार्ड नं0 12 ग्राम मटिया थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव4. परस राम महार पिता रमेश महार उम्र 35 साल पता - वार्ड नं0 12 ग्राम मटिया थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव 5 त्रिलोचन निषाद पिता पुरुषेत्तम निषाद उम्र 30 साल पता वार्ड नं0 13 ग्राम मटिया, थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव 6. भीम पटेल पिता भान पटेल उम्र 35 साल पता - भाठापारा मटिया थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव 7. दीपक कुमार पिता धनुष राम पटेल उम्र 37 साल पता ग्राम मटिया थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांवको गिर0 किया जाकर आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा- छ0ग0 जुआ प्रतिशेध अधिनियम वर्ष 2022 की धारा- 3(2) के तहत अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया है । थाना डोंगरगांव पुलिस की रेड कार्यवाही सफल रहा ।

## सफाई में लापरवाही, संबंधित ठेकेदार के चलित देयक से राशि की हुई कटौती

**राजनांदगांव ,17 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता वार्डो में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे है, और लोगों से फिटबैक लेकर सफाई में गुणात्मक सुधार लाने समझाईस दे रहे है। समझाईस उपरांत भी कुछ ठेका वार्डो में सफाई व्यवस्था मे सुधार नही पाया गया। जिसपर उन्होंने संबंधितों को नोटिस जारी कर राशि कटौती के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को दिये थे। निर्देश के अनुक्रम मे संबंधितों को नोटिस जारी कर देयक से राशि कौटोती की कार्यवाही की जा रही है। कुछ दिनों पूर्व वार्ड नं. 1, 22 व 40 के सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी कर राशि कटौती की गयी और आज वार्ड नं. 15 में सफाई में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार का चलित देयकर से राशि रूपये 5 हजार कटौती की गयी। आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा वार्ड नं. 15 के सफाई ठेकेदार को अनुबंध शर्तो के अनुरूप कार्य न करने तथा संबंधित वार्ड की सफाई में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी कर चलित देयक से राशि 5 हजार रूपये कटौती की गयी। पूर्व में आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वार्ड नं. 15 के सफाई ठेकेदार अध्यक्ष तुलसीपुर परिणिती महिला स्व सहायता समूह राजनांदगांव को नोटिस जारी किया गया था, नोटिस उपरांत भी सफाई में सुधार नहीं होने पर आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा देयक से 5 हजार रूपये राशि कटौती की गयी। कटौती नोटिस में लिखा गया कि आपके वार्ड में निरीक्षण के दौरान वार्ड में निर्धारित कर्मचारियों की संख्या के अनुसार 5 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये, उपस्थिति पंजी फोटो युक्त नहीं पाया गया, निर्देशानुसार अनुपस्थित कर्मचारियों की अनुपस्थिति को लाल पेन से दर्शित नही किया गया तथा कई स्थानों पर साफ सफाई का अभाव एवं नालिया जाम पाई गयी। इस संबंध में पूर्व में भी सफाई व्यवस्था में सुधार लाने नोटिस जारी किया गया था, नोटिस उपरांत कर्मचारियों का इस प्रकार अनुपस्थित रहना व सफाई कार्य न करवाया जाना, कार्य में लापरवाही का घोतक है। उपरोक्त लापरवाही के लिये चलित देयक से 5 हजार रूपये राशि कटौती की जा रही है। पुनः इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति होने पर ठेका समाप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा है कि सफाई जैसे आवश्यक सेवा में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई में गुणात्मक सुधार लाना है। नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है, नागरिकों में भी साफ सफाई के प्रति जागरूकता लाना है।

## कांग्रेस झूठे वायदे करती है, भाजपा जो कहती है वह करती है : लक्ष्मी राजवाड़े

**राजनांदगाँव,17 अप्रैल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए महिलाओं का जोरदार अभियान पूरे संसदीय क्षेत्र में चल रहा हैं, इसी क्रम में कल राजनांदगाँव विधानसभा क्षेत्र के तीन स्थानों पर महतारी वंदन सम्मान समारोह के बड़े सम्मेलन आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों को संबोधित करते हुए प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस पर खुला आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा झूठे वायदों के लिए प्रसिद्ध है किसी समय गरीबी हटाओ का नारा देने वाली इस पार्टी ने केंद्र की सत्ता में लंबा कार्यकाल गुजरा, पर पूरे देश से ना तो गरीबी हटी और ना ही गरीबों की माली हालत में कोई सुधार आया। वो तो भला हो मोदी जी का जिनहोने कांग्रेस के तमाम तानों-बनो को ध्वस्त करते हुए केंद्र की सत्ता संभाली और जनता से किए गए एक-एक वायदों को पूरा किया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार टेड़ेसरा, सुरगी व शंकरपुर में आयोजित महतारी वंदन सम्मान समारोह में महिलाओं की जोरदार उपस्थिति रही। श्रीमती राजवाड़े ने उपस्थित मातृ शक्ति को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा कहा की भाजपा वायदा निभाने वाली पार्टी हैं। विधानसभा के चुनाव हो या लोकसभा के, हम जो भी घोषणाए करते हैं उन्हे अक्षरसः पूरा करके दिखा देते हैं इतिहास इस बात का साक्षी हैं। महतारी वंदन योजना जिसके तहत महिलाओं को एक हजार रुपए प्रति माह प्रदेश शासन द्वारा दिया जा रहा हैं उन्होंने इस योजना को महिलाओं के लिए भाजपा शासन का ऐतिहासिक फैसला बताया। उन्होंने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार अब 04 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ने का कार्य करेगी। उज्ज्वला योजना निरंतर जारी रहेगी। अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा.

# चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में नेशनल पैथोलॉजी डे मनाया गया

**रायपुर ,17 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के पैथोलॉजी विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ÷नेशनल पैथोलॉजी डे÷ का आयोजन किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट एंड माइक्रोबायोलॉजिस्ट (आई.ए.पी.एम.) के आह्वान पर 13 अप्रैल को यह राष्ट्रीय पैथोलॉजी दिवस भारत के पैथोलॉजी और मेडिकल रिसर्च के पितामह डॉ. व्ही.आर. खानोलकर के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर पैथोलॉजी विभाग द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिये पैथोलॉजी क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें 5-5 एम.डी. विद्यार्थियों की चार टीमों ने भाग लिया। क्विज का संचालन डॉ. वर्षा पाण्डेय, डॉ. अमित कुमार भारद्वाज, डॉ. वनिता भास्कर, डॉ. रूचि वर्मा, डॉ. कस्तूरी मंगरुलकर, डॉ. अनुभव चन्द्राकर एवं डॉ. सरोज कुमारी ने किया और अंकों की गणना स्कोरर डॉ. पुष्कर चौधरी ने किया। क्विज का मार्गदर्शन प्रोफेसर डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी ने किया। स्नातक एम.बी.बी.एस. छात्र-छात्राओं द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में पैथोलॉजी की महत्ता प्रतिपादित करते हुए रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन दोनों प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. विकास बाम्बेश्वर, डॉ. सूदित पाल और डॉ. मेघा वर्मा और डॉ. अविरल मिश्रा ने किया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉ. जे.सी. गुप्ता को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ. गुप्ता ने पैथोलॉजी विभाग में अनेक वर्षों तक अपनी सेवाएं दी और प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष के रूप में पैथोलॉजी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में मरीजों की चिकित्सा और रोगों के निदान में पैथोलॉजी विषय की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। प्रोफेसर विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल ने अपने स्वागत उद्बोधन में पैथोलॉजी के निरंतर विकास और परिवर्तनों का वर्णन करते हुये पैथोलॉजी की ÷चिकित्सकों के चिकित्सक÷ के रूप में महत्ता प्रतिपादित की। विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. चन्द्रकला जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके द्वारा बनाये गये मनोरंजक पैथोलॉजिकल खेल से कार्यक्रम का समापन किया गया। पैथोलॉजी क्विज प्रतियोगिता एम.डी. विद्यार्थियों डॉ. दुर्गेश वर्मा, डॉ. वन्दना पटेल, डॉ स्वाती शर्मा, डॉ. खालिदा खान एवं डॉ. अमित बंजारा की टीम ने जीता। एम.बी.बी.एस. छात्र-छात्राओं के पोस्टर प्रतियोगिता में रूपम राज एवं राहुल मरावी प्रथम स्थान पर और काजल पाण्डेय एवं मेरीन मारिया जेम्स दूसरे स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में सुनीता जांगीड़, निधी वर्मा, उपासना साहू की टीम प्रथम स्थान पर रही एवं दिव्यकरनी सिंग, दुर्गेश सिंग, दक्षता साहू की टीम दूसरे स्थान पर रही। पोस्टर्स में विद्यार्थियों ने पैथोलॉजी विषय की महत्ता और उपयोगिता प्रदर्शित की जबकि आकर्षक रंगोली में विभिन्न प्रकार के कैंसर्स के सूक्ष्मदर्शी स्वरूप उकेरे गये।

# लेबर कालोनी व तुलसीपुर क्षेत्र में निगम आयुक्त ने प्रातः सफाई व निर्माण कार्य का लिया जायजा

**राजनांदगांव,17 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता प्रतिदिन प्रातः साफ सफाई एवं निर्माण कार्यो का वार्डो मे निरीक्षण कर निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने तथा सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे है। निरीक्षण की कडी में उनके द्वारा आज वार्ड नं. 16 लेबर कालोनी एवं वार्ड नं. 17 तुलसीपुर क्षेत्र में सफाई एवं निर्माण का जायजा लेकर मतदान केन्द्र दुरूस्त करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता लेबर कालोनी तथा तुलसीपुर क्षेत्र के सॉई गली, कलेक्ट्रेड के पीछे, सिविल लाईन में सफाई व्यवस्था का जायजा लिये, उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉच कर अनुपस्थित कर्मचारी के संबंध में जानकारी ली तथा पंजी में उपस्थिति दर्ज कर्मचारी स्थल में नहीं पाये गये, जिसपर नराजगी व्यक्त करते हुये वार्ड के सफाई दरोगा श्री सुनील घनश्याम व वार्ड प्रभारी श्री विजेन्द्र मानिकपुरी को नोटिस जारी करने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा से कहा। उन्होनें कहा कि प्रतिदिन सफाई की मानिटरिंग करे और निर्धारित समय तक सफाई करावे, अपालन पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करे। उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वालों से कचरा संग्रहण की जानकारी लेकर घर से ही गिला सूखा कचरा अलग अलग देने तथा यूजर चार्ज देने समझाईस देने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता लेबर कालोनी तुलसीपुर क्षेत्र में निर्माण कार्यो के निरीक्षण के दौरान लेबर कालोनी में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन तथा ठा.प्यारेलाल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। उन्होंने ठा.प्यारेलाल सिंह स्कूल में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर जानकारी लिये, श्री रामटेके ने जनकारी दी कि इस स्कूल में 7 मतदान केन्द्र है, जिसके लिये लिखाई कार्य पूर्ण हो चुका है। आयुक्त ने कहा कि मतदान केन्द्रों में बिजली पानी शौचालय आदि आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करे, सभी मतदान केन्द्रों में कोई कमी न हो इसका संबधित अधिकारी ध्यान रखे। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता श्री दीपक महला व श्री अनुप पाण्डे, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी श्री पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

## अधिकारियों-कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं ने किया मतदान

**राजनांदगांव ,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया था। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 53 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र में विशेष संवाहक द्वारा 47 डाक मतपत्र एवं डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या (सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी) 6 है। इसी तरह 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे।

## जिले में कुल 53 डाक मतपत्र प्राप्त

**राजनांदगांव ,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात



सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया था। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 53 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र में विशेष संवाहक द्वारा 47 डाक मतपत्र एवं डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या (सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी) 6 है। इसी तरह 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे।

## भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की संध्या राज सचिव बनी

**रायपुर,,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की वार्षिक आमसभा में नयी कार्यकारिणी का चुनाव दिनांक 15/04/2024 को भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय, पंडरी रायपुर में चुनाव अधिकारी श्री राजेश पराते द्वारा सम्पन्न कराया गया । भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की नयी कार्यकारिणी निम्नानुसार है:-

अध्यक्ष (पदेन)-- श्री अशोक ठाकुर (वरिष्ठ मंडल प्रबंधक)
सदस्य (पदेन) -- श्री एन. वेंकटेश, प्रबंधक (का. एवं औ.सं.)
सचिव -- श्रीमती संध्या राज (पी. एंड जी. एस. )
सह सचिव -- श्री विनय बैसवाड़े (मंडल कार्यालय रायपुर)
कोषाध्यक्ष -- श्री करण सोनकर (मंडल कार्यालय रायपुर)
कार्यकारिणी सदस्य -- श्री शिशिर गुप्ता (शाखा कार्यालय क्र. 3, रायपुर), श्री अगेश्वर साहू (सी.ए.बी. रायपुर), कु. साक्षी धनविजय (शाखा कार्यालय क्र. 1, रायपुर)। इस अवसर पर सेन्ट्रल जोन इंश्योरेंस एम्प्लाइज



एसोसिएशन महासचिव श्री धर्मराज महापात्र, कोषाध्यक्ष श्री संदीप सोनी, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन महासचिव श्री सुरेंद्र शर्मा, सह सचिव श्री गजेंद्र पटेल, श्रीमती संध्या भगत, श्री सुभाष साहू, श्री हर्षवर्धन शर्मा, श्री पुनीत राम साहू, श्री विजय तिरपुडे, ललित वर्मा एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी ।

## पहले सेमीफाइनल मुकाबले में रायपुर स्मार्ट सिटी ने खेल एवं युवा कल्याण को 95 रनों से हराया

**रायपुर,17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नेताजी सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 16 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मध्य खेला गया। इस सेमीफाइनल मुकाबले में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 205 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और



फाइनल में अपनी जगह बनाई है। दूसरा सेमीफाइनल में अब नगर निगम का मुकाबला पुलिस विभाग से गुरुवार की शाम को होगा। फाइनल शनिवार होगा । मंगलवार को खेले गए मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की टीम टॉस जीतकर प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करने उतरी और बल्लेबाज मुकेश की 103 रन और आकाश के 82रनों की आतिशी पारी से पूरी टीम 205 रन का लक्ष्य दिया। खेल एवं युवा कल्याण की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 110 रन बना सकी। ऑल राउंड प्रदर्शन करने वाले 4 विकेट और 103 बनाने वाले मुकेश मैन ऑफ द मैच रहे। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में मतदाताओं को अपने बहुमूल्य मतदान देने के लिए नगर निगम आयुक्त श्री अविनाश मिश्रा ने मतदाताओं को शपथ दिलाई एवं इस मैच में स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्व दीप सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बालको जोन में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**कोरबा, 17 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिला, पुरूष, युवा, बुजुर्ग सहित छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नाटक, रैली, नारा लेखन निबंध, भाषण, पोस्टर तथा अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

**- नागरिकों से शत प्रतिशत मतदान का आव्हान कर रही समूह की महिलाएं**

# 15 हजार से अधिक महिलाओं ने ली वोट वचन की शपथ

**राजनांदगांव 17 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने बिहान समूह की महिलाओं ने डोंगरगढ़ में कलस यात्रा निकाली। बिहान समूह की महिलाओं ने कलस यात्रा निकालकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान कर लोकतंत्र में जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों का आव्हान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य योजना बनाकर लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव में ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए शपथ ग्रहण, रैली, मानव श्रृंखला, कलस यात्रा, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, खेलकूद, नारा लेखन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक कर




रहीं हैं। जिले में स्वसहायता समूह की महिलाएं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों में विगत 7 दिवस में ग्राम बागनदी, मोहला, भर्रीटोला, देवरसूर, कुदुम्कासा, जोबटोला, देवकट्टा, रूवाताला, मुसराकला, रामगढ़, आमाटोला, हाथीकन्हार, सांकरदाहरा, उसरीबोड़, मार्कनपुर सहित 89 से अधिक ग्रामों में लगभग 15 हजार से अधिक स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम संगठन स्तर पर वोट वचन का शपथ लिया गया और शपथ लेने का कार्य निरंतर जारी है। महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन में वोट देकर अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित करने का वोट वचन का शपथ ले रहीं है। महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान के अधिकार तथा मतदान का उपयोग करने के संबंध में ग्रामीणों को प्रेरित और शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

संपादकीय

# इस सोच को बदलने की जरुरत है

वक्त के साथ जो नहीं बदलते हैं वह पीछे रह जाते हैं, उनकी सोच पुरानी रह जाती है और पुरानी सोच के चलते चाहे आदमी हो, परिवार हो,राजनीतिक दल हो, प्रदेश हो या देश हो वह तरक्की नहीं कर सकता है। बड़ा,शक्तिशाली,आधुनिक देश नहीं बन सकता। इस बात को देश के तमाम राजर्नीतिक दलों को समझने की जरूरत है। पीएम मोदी और बाकी दलों की सोच में इसी बात फर्क है कि पीएम मोदी ने पहले भाजपा की सोच बदली,उसे पुरानी सोच से बाहर निकाला कि हम बहुमत हासिल नहीं कर सकते। हम अकेले सरकार नहीं बना सकते। इसके लिए उन्होंने तकनीक का उपयोग कर भाजपा को आधुनिक बनाया। जहां भी भाजपा को बदलने की जरूरत थी, वहीं बदलाव किया। पहले माना जाता था कि भाजपा का चाल,चरित्र व चेहरा सबसे अलग है।अटल आडवाणी के समय यह अलग था और आज मोदी के समय में यह अलग है। लोग मानते हैं कि भाजपा का चाल,चरित्र व चेहरा बदला है तो यह बदलाव जरूरी है, स्वाभाविक है क्योंकि भाजपा अब विपक्ष में नहीं है, उसे विपक्ष में ही नहीं रहना है, भाजपा अब सत्ता में है और उसे सत्ता में बने रहना है, सत्ता में बने रहने के लिए जरूरी नहीं होता है कि भाजपा वैसी ही रहे जैसी वह विपक्ष में रहते वक्त थी। भाजपा जब विपक्ष में थी तो कोई कांग्रेसी नेता भाजपा में आना चाहता था क्या,क्या भाजपा के चाल,चरित्र व चेहरा सबसे अलग होने के कारण भाजपा को बहुमत मिलता था क्या। अब भाजपा का चाल,चरित्र व चेहरा बदल गया है लेकिन कांग्रेस के बड़े नेता उसमें आने के लिए उत्सुक है। भाजपा को उनकी ज्यादा जरूरत नहीं है, उनको भाजपा की जरूरत है तो इस बात से समझा जा सकता है कि मोदी ने भाजपा को वक्त के साथ कितना बदल दिया है। वहीं बीस साल में कांग्रेस नेतृत्व की पुरानी सोच ने कांग्रेस का बुरा हाल कर दिया है। कांग्रेस नेता वक्त के हिसाब से न खुद बदल रहे हैं न ही पार्टी में बदलाव कर पा रहे हैं। चाहे कांग्रेस नेतृत्व हो या कांग्रेस पार्टी दोनों कनफ्यूज हैं कि क्या करना है। वह अपनी दशा व दिशा तय नहीं कर पा रहे है, इसलिए उनमें जीत का विश्वास नहीं है। यह जीत का विश्वास उनके घोषणा पत्र में भी नहीं दिखता है, उनकी बातों में नही दिखता है। उनके भाषणों में नहीं दिखता है। अब राहुल गांधी देश की जनता को जब भाजपा व कांग्रेस के घोषणा पत्र में अंतर बताते हैं तो देश की जनता को पता चल जाता है कि देश को लेकर राहुल गांधी की सोच कितने दशक पुरानी है। वह कहते हैं कि भाजपा के घोषणापत्र में ओलपिंक है तो हमारे घोषणा पत्र में गरीबों की बात है। राहुल गांधी को पता नहीं है कि देश कितनी तरक्की कर रहा है, वह अब वह देश नहीं रहा जिसमें गरीबी को दूर करने का वादा कर ही चुनाव जीत लिया जाता था, भारत अब वह देश है जो बड़े देशों की पंक्ति में खडा है, अब वह दसवें व ग्यारहवें नंबर का देश नहीं है। वह अब विश्व का पांचवें नंबर का देश है। यानी भारत विश्वर की पांचवी आर्थिक महाशक्ति है। कांग्रेस जब भारत में एशियाड़ करा सकती है और इसे अपनी बडी उपलब्धि बता सकती है तो भाजपा मानती है कि भारत आज इस स्थिति में है कि वह ओलंपिक करा सकता है तो इसमें बुरा क्या है। क्या किसी देश को इसलिए ही ओलंपिक नहीं कराना चाहिए कि उसके देश में गरीब है, क्या इसलिए खेलकूद बंद कर देना चाहिए कि देश में गरीब हैं। जितने भी देशों ने आज तक ओलंपिक कराया है तो क्या उनके यहां गरीबी नहीं थी क्या आज वहां गरीबी नहीं है। गरीबी तो हर देश में रहती है इसका मतलब यह तो नहीं होता कि वहां खेलकूद के बड़े आयोजन नहीं होने चाहिए। राहुल गांधी मोदी विरोध में भूल जाते हैं कि वह देश व खेलकूद का भी विरोध कर रहे हैं। राहुल गांधी गरीबों की बात करते हुए यह भी भूल जाते हैं कि उनके सत्ता में रहते भी तो गरीबी थी तब उन्होंने गरीबी पर इतना ध्यान क्यों नहीं दिया, आज भी तीन राज्यों में उनकी सरकार है, वहां वह गरीबी दूर करने का कोई प्रयास क्यों नहीं कर रहे हैं, उनको गरीबी दूर करने की इतनी चिंता है तो कर्नाटक,तेलंगाना व हिमाचल में गरीबी एक झटके में खत्म करके दिखाना चाहिए तब देश के लोग मानेंगे कि राहुल गांधी वाकई में गरीबों की चिंता करते हैं, गरीबी दूर कर सकते हैं।

ललित गर्ग

रामनवमी

# श्रीराम के प्रकृति-प्रेम की सकारात्मक ऊर्जा



हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों के रामनवमी बहुत ही शुभ दिन होता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि त्रेता युग में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम का अवतरण हुआ था। धार्मिक मत है कि सभी प्रकार के मांगलिक कार्य इस दिन बिना मुहूर्त विचार किये भी संपन्न किए जा सकते हैं। रामनवमी पर पारिवारिक सुख-शांति और समृद्धि के लिए व्रत भी रखा जाता है। भगवान श्रीराम की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं। साथ ही साधक भगवान श्रीराम की कृपा के भागी बनते हैं। पर्यावरण की विकराल होती समस्या के संदर्भ में भगवान श्रीराम का प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संदेश इस समस्या के समाधान का एक बड़ा माध्यम बन सकता है, ऐसा हुआ तो हमारा रामनवमी मनाना सार्थक होगा।

श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है।

भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा।

यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा



आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। मजबूत जड़ों वाले फल तथा फूलों से लदे वृक्ष पूरे क्षेत्र में फैले हुये थे। श्रीराम के राज्य में वृक्षों की जड़ें सदा मजबूत रहती थीं। वे वृक्ष सदा फूलों और फलों से लदे रहते थे। मेघ प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वर्षा करते थे। वायु मन्द गति से चलती थी, जिससे उसका स्पर्श सुखद जान पड़ता था। इसलिए जो कुछ हम सब रामायण से समझ पाते हैं, वह ही मनुष्य के जीवन जीने की सनातन परंपरा है। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है। हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

आज इक्कीसवीं शताब्दी में पर्यावरण प्रदूषण के रूप में मानव जाति के अस्तित्त्व को ही चुनौती प्रस्तुत कर दी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, ओजोन परत में छिद्र, अम्लीय वर्षा इत्यादि का अत्यन्त विनाशकारी स्वरूप बुद्धिजीवी, विवेकशील, वैज्ञानिकों की चिन्ता का कारण बन चुके हैं। मानव समाज किस समय कौन सी समस्या से ग्रस्त होता है और उसके निदान के लिए समाज के सदस्यों की भूमिका एवं सहभगिता एवं शासकीय प्रयासों की तुलना में अधिक उस समाज के सांस्कृतिक मूल्य अधिक प्रभावी होते हैं। इस संदर्भ में भारतीय संस्कृति के आधार पुरातन ग्रन्थ-वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण के साथ- तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस का अध्ययन व विश्लेषण अत्यन्त लाभप्रद हो सकता है विशेषकर रामचरित मानस का क्योंकि वर्तमान समय में घर-घर में न केवल रामचरितमानस एक पवित्र ग्रन्थ के रूप में पूजा जाता है। वरन इसका पाठ पारिवारिक व सामाजिक स्तर पर किया जाता है।

रामचरित मानस में पर्यावरण के संदर्भ में वर्णन करते हुए कहा है कि उस समय पर्यावरण प्रदूषण कोई समस्या नहीं थी। पृथ्वी के अधिकांश भू-भाग पर वन-क्षेत्र होता था। शिक्षा के केन्द्र आबादी से दूर ऋषि-मुनियों के वनों में स्थित आश्रम हुआ करते थे। प्रकृति की गोद में स्थित इन केन्द्रों से ही हमारी सभ्यता का प्रचार एवं प्रसार हुआ। यहाँ का वातावरण अत्यन्त स्वच्छ एवं निर्मल था। समाज में ऋषि-मुनियों का बड़ा सम्मान था। प्रतापी राजा-महाराजा भी इन ऋषि-मुनियों के सम्मुख नतमस्तक होने में अपना सौभाग्य समझते थे।

यदि हम रामराज्य के अभिलाषी हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी की अवधारणा के अनुरूप शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करना ही होगा। ऐसा कोई भी कार्य हमें प्रत्येक दशा में बन्द करना होगा जो वायु एवं जल को प्रदूषित करता हो चाहे उससे कितना भी भौतिक लाभ मिलता हो। पर्यावरण प्रदूषण का मूल कारण है हमारी भौतिक लिप्सा। धरती मानव की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सक्षम है। हम यह भी नहीं सोच पा रहे हैं कि असीमित विदोहन जारी रहने से मानव की आने वाली सन्तति का भविष्य क्या होगा? रामराज्य में विदोहन की वृत्ति नहीं थी। रामचरित मानस में हम पाते हैं कि विभिन्न प्राकृतिक अवयवों को मात्र उपभोग की वस्तु नहीं माना गया है बल्कि सभी जीवों तथा वनस्पतियों से प्रेम का सम्बन्ध स्थापित किया गया है। प्रकृति के अवयवों का उपभोग निषिद्व न होकर आवश्यकतानुसार कृतज्ञतापूर्वक उपभोग की संस्कृति प्रतिपादित की गयी है जैसे कि वृक्ष से फल तोड़कर खाना तो उचित है, लेकिन वृक्ष को काटना अपराध है। रामराज्य धरती पर अनायास स्थापित नहीं किया जा सकता है इसके लिए प्राकृतिक पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है।

रामचरितमानस में प्रकृति में उपलब्ध औषधीय तत्त्वों का भी प्रतीकात्मक रूप से बहुत ही सुन्दर वर्णन किया हैं। इस संदर्भ में कुछ दृष्टान्त अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं जिनमें सर्वाधित चर्चित दृष्टान्त-युद्ध के समय लक्ष्मणजी के मूर्छित होने पर लंका से वैद्य सुसैन को बुलाया जाना और संजीवनी बूटी द्वारा लक्ष्मणजी का उपचार करना है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए सतत मानवीय प्रयास यानी समर्पण और परिश्रम आवश्यक है। जब व्यक्ति और पर्यावरण के मध्य संगम होता है तब प्रकृति का स्वरूप मानव के प्रति सकारात्मक होता है। जहाँ जहाँ श्रीराम ने निवास किया वहीं प्रकृति का सौन्दर्य की अद्भुत छटा विकीर्ण हो गई। श्रीराम ने सिखाया कि उतार-चढ़ाव तो जीवन का अंग है। दुख किसने नहीं सहा और किसे नहीं होगा, पर यदि संकल्प मजबूत रहे और संकट काल में संयम बनाए रखें तो हम बड़े से बड़े तूफान, झंझावात का सामना कर सकते हैं। श्रीराम ने समता एवं संयम से जीने की सीख दी, पर हमने अनुकूलता-प्रतिकूलता के बीच संतुलन-धैर्य रखना भूल गये। श्रीराम ने अभय और मैत्री का सुरक्षा कवच पहनाया, हम प्रतिशोध और प्रतिस्पर्धा को ही राजमार्ग समझ बैठे। मेरा ईश्वर मैं ही हूं, मेरा राम मैं ही हूं-यह समझ तभी फलवान बन सकती है, जब व्यक्ति स्वयं श्रीराम को जीए और श्रीराम को जीने का तात्पर्य होगा- प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित करना एवं उसका सम्मान करना।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप परिवार के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार सहित माता दुर्गा की पूजा करें, जीवन में अच्छे मौके आपको मिलते रहेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरा रहने वाला है। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार में कुछ अच्छे बदलाव आने से आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। माता महागौरी के दर्शन कर आशीर्वाद लें, आपकी नेतृत्व क्षमता मजबूत होगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घर के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर पूर्ण रूप से सतर्क रहेंगे। आज के दिन मां दुर्गा को खीरपूड़ी का भोग लगाएं, आपका दिन अच्छा रहेगा।

कर्क राशि : आज महा अष्टमी के दिन आपके सभी कार्य सफल होंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रो के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे। आज आपके घर नन्हें मेहमान के आगमन का योग बन रहा है। माता महागौरी को फूलों की माला अर्पित करें, जीवन में आपकी गति में निरंतरता बनी रहेगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन ख़त्म होंगी। आज आप किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते। आपको मातापिता का पूरा सहयोग मिलेगा। जरूरतमंद को भोजन कराएं, आपके ऊपर देवी मां की कृपा बनी रहेगी।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। आज किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। जो लोग किसी नये काम में इंवेस्ट करने की सोच रहे हैं, वे किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें। देवी मां के मंदिर में अन्न का दान करें, आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

तुला राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगें बढाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। परिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगो को आज बड़ा मुनाफा होगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। किसी यात्रा पर जाने का मन बना रहें है तो कुछ दिनों के लिए टाल दें। आज दुर्गा माता का ध्यान करें, आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा।
शुभ रंग- केसरिया
शुभ अंक- 7

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। माता महागौरी की कृपा से आपका जीवन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। पिता से आज आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आज कोई ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी। आज दोस्तों के साथ फोन पर बात कर के समय बिताएंगे। आज के दिन महागौरी के आगे घी का दीपक जलाएं, आपका दिन बेहतरीन रहेगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम-काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा पाने के लिएअच्छे डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं, आपको बढ़िया समाधान मिलेगा। आज के दिन माता महागौरी की धूप-दीप से पूजा करें, आपके साथ सब कुछ ठीक रहेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लेकर आया है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनाएंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी। सिद्धकुंजिका स्तोत्र का पाठ करें, आपकी लाइफ अच्छी बनी रहेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। आज कोई नई स्किल सीखने का विचार कर सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। माता आज अपने बच्चों को कुछ मीठा बना के खिला सकते हैं। आज आपको अचानक धन लाभ होगा। कन्या को कुछ गिफ्ट करके उनका आशीर्वाद लें, आप जीवन में कभी नहीं रूकेंगे।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। रुपए पैसों के मामले में लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। टूर एंड ट्रेवल्स का काम कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आप आर्थिक मामलो मे किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, यह सलाह मददगार साबित होगी। आज माता महागौरी को मिठाई का भोग लगाएं, आपका दिन बेहतर रहेगा।

## राम नवमी पर दिखेगा भगवान राम और हनुमान के बीच अटूट बंधन

'राम नवमी' के शुभ अवसर पर, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न की महागाथा, 'श्रीमद रामायण' में दर्शकों के लिए 17 अप्रैल को रात 9:00 बजे से 10:00 बजे तक 1 घंटे का विशेष एपिसोड प्रसारित होगा। प्रभु श्रीराम ने भगवान हनुमान पर भरोसा किया है कि वे अपहरण के बाद लंका में रह रहीं माता सीता का पता लगाकर उनकी स्थिति का साक्ष्य लेकर ही पुनः लौटेंगे, जो आगे चलकर निष्ठा और मित्रता के उनके अटूट बंधन का कालजयी प्रमाण बन जाता है। 'राम नवमी' के शुभ अवसर और महत्वपूर्ण कहानी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, अभिनेता सुजय रेउ ने कहा, "प्रभु श्रीराम को भगवान हनुमान पर पूरा विश्वास है, जो दृढ़ता से उनके पक्ष में खड़े हैं और लंका में माता सीता की खोज-खबर निकालने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। भगवान हनुमान अपने प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट समर्पण भाव रखते हैं और उनके कार्य निष्ठा से भरे हुए हैं, माता सीता के साक्ष्य ढूँढना इस बात का सार्थक उदाहरण है और स्थायी विश्वास का प्रतीक है। भगवान हनुमान एक मार्गदर्शक के रूप में काम करेंगे, और साथ ही यह साबित करेंगे कि सबसे मुश्किल हालातों पर भी विश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ कैसे काबू पाया जा सकता है।" सुजय रेउ आगे कहते हैं, "राम नवमी के शुभ अवसर पर 1 घंटे के विशेष एपिसोड में, दर्शक भगवान हनुमान को श्रीराम की अंगूठी लेकर माता सीता की खोज पर निकलते हुए देखेंगे। आने वाले एपिसोड्स में, भगवान हनुमान लंका पहुंचने और माता सीता को अंगूठी देने के दौरान कठिन परीक्षाओं से होकर गुजरेंगे।"



संजीव ठाकुर

शिक्षा

# नौनिहालों की प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता ही देश का उज्जवल भविष्य

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है1 राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है1 स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे1

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है1 इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है1 वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं1

आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों



में से एक माना जाता है1 आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं1 यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।

किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है।

वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा।

**एक नजर**

## स्वीप के तहत मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत वोट करने की अपील

**कांकेर, 17 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज ईमलीपारा स्थित एक विद्यालय के लगभग 700 विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर ''10 डेज टू गो प्लीज वोट'' लिखकर मतदाताओं से शत-प्रतिशत वोट करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल ने विद्यालय स्टाफ के साथ व्यायाम शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने पालक एवं अन्य मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री आबिद खान सहित विद्यालय की प्राचार्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मतदान दल विश्वास के साथ मतदान कार्य को करे:कलेक्टर

**जगदलपुर 17 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान कार्य को बेहतर तरीके से संपादित करवाने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान दलों के कर्मियों को तीसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्याज्योति स्कूल में आयोजित किया गया, प्रशिक्षण सत्र के अंतिम दिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने मतदान दलों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मतदान केंद्र में मतदान कर्मियों के विश्वास और कार्य को बेहतर तरीके से संपादित करवाने की भावना ही प्रोत्साहित करेगा। कलेक्टर ने संगवारी मतदान केंद्रों के महिला मतदान कर्मियों पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि वे मतदान करवाने के मिले दायित्व का बेहतर तरीके से संपादित करवाएँगे। उन्होंने कहा कि टीम में विश्वास बनाए रखना है,घबराए नहीं, मतदान कार्य में सहयोग के लिए प्रशासन के सभी अधिकारी आप लोगों के केंद्रों के आसपास रहेंगे।

कलेक्टर ने मतदान दलों को सभी पपत्र को भरकर लाने के निर्देश दिए साथ ही सुबह के पहर में और दोपहर तीन बजे के बाद भीड़ को जल्द मतदान की प्रक्रिया करवाने की मेहनत करने पर जोर दिया। इसके अलावा मतदान केंद्र के बाहर बीएलओ के द्वारा सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे उनसे मतदान कर्मी समन्वय बनाकर रखने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी शंकाओं का निराकरण प्रशिक्षण में करने कहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण के दौरान विद्याज्योति स्कूल में डाकमत पत्र सुविधा केंद्र और निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के लिए बनाए सुविधा केंद्र का भी जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री सुनील शर्मा, ऋषिकेश तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री एम चंद्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी लखमा की सभा में जनसैलाब उमड़ने से कांग्रेस गद्गद्





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 17 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के चुनाव के लिए दो दिन शेष है । जिसमें छत्तीसगढ़ के महत्पूर्ण बस्तर लोकसभा सीट के लिए भी मतदान होना है । लगातार छ बार से सुकमा जिला के कोंटा विधानसभा से चुनाव जीतते आ रहे छत्तीसगढ़ शासन में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे कवासी लखमा इस बार फिर लोकसभा के लिए अपना भाग्य अजमा रहे हैं । आज इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी कवासी लखमा ने अपना तूफानी दौरा कर कांग्रेस एवम अपने पक्ष में वोट देने की अपील करते अनेक ग्रामों में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया ।

बस्तर सांसद प्रत्याशी कवासी लखमा आज सुकमा जिले के केरलापाल में आयोजित सभा में शामिल हुए । साथ ही कवासी लखमा ने आगामी 19 तारिक को होने वाले चुनाव में भारी संख्या में जाकर वोट देने की अपील आज पालेम,पेद्दारास,रोकेल,कोयाबेकुर के बड़ी सभाओं को संबोधित करते हुए की । इस दौरान उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित सुकमा पालिका अध्यक्ष राजू साहू तथा पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि मौजूद थे ।

# रामनवमी पर मिठाई एवं किराना दुकानों में सामान की गुणवत्ता की जांच की गई

## दुकानदारों को 20 हजार रुपये का जुर्माना



**सुकमा, 17 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री हरिस.एस एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुकमा श्री लक्ष्मण तिवारी के निर्देशन पर नगर पालिका परिषद सुकमा अंतर्गत लगातार मिठाई दुकानों एवं किराना दुकानों का गुणवत्ता एवं साफ-सफाई के संबन्ध में निरीक्षण एवं किसी भी भोज्य एवं खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता अथवा साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर करवाई कर सख्त निर्देश दुकानदारों को दिया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अप्रैल को तहसीलदार श्री परमेश्वर मंडावी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एचआर गोंदे एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पंकज नाग, खाद्य निरीक्षक श्री अरविन्द ध्रुव एवं टीम के द्वारा नगर के किराना दुकानों का निरीक्षण किया तथा अवसान तिथि की जानकारी ली एवं सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि वे ग्राहकों को अच्छी गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्रियों का विक्रय करें। दुकानदारों को हिदायत दी गई की अवसान तिथि खत्म हो चुकी खाद्य सामग्रियों का विक्रय कतई नहीं करें।

दुकानदारों के द्वारा ग्राहकों को गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्रियों की बिक्री करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान 2 दुकानों बसारत किराना स्टोर एवं राठी मार्ट में भारी मात्रा में अवसान तिथि खत्म हो चुकी खाद्य सामग्री पाई गई। जिससे उक्त दुकानदारों पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया तथा नोटिस दिया गया। साथ ही हिदायत दी गई कि अगली बार एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाये जाने पर दुकान सील किया जायेगा।

## पी-3 के तहत मतदान दलों को किया जा रहा हेलिकॉप्टर से रवाना



**जगदलपुर 17 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 प्रथम चरण के निर्वाचन के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र के 19 अप्रैल को मतदान करवाने के लिए लोकसभा बस्तर क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र कोंटा, बीजापुर और नारायणपुर से पी-3 के तहत मतदान दलों को हेलिकॉप्टर से रवाना की जा रही है। मतदान दिवस से तीन दिन पूर्व तीनों विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों के मतदान केंद्रों हेतु मतदान करवाने के लिए दलों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया जा रहा है। विधानसभा कोंटा के 26 मतदान केंद्र, नारायणपुर के 33 और बीजापुर के 76 मतदान केंद्रों के लिए दलों को रवाना किया जा रहा है।

दलों की रवानगी के दौरान तीनों विधानसभा के जिला निर्वाचन अधिकारी उपस्थित होकर मतदान दलों का हौसला अफजाई की।

# मोटर साइकिल चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सुकमा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीड़ित प्रार्थी





रविन्द्र कुमार नायक पिता मनीराम नायक उम्र 35 वर्ष निवासी चिकपाल थाना केरलापाल हाल वार्ड क्रमांक 15, कुम्हाररास जिला सुकमा, दिनांक 22.02.2024 को अपने मोटर सायकल पेशन प्रो वाहन क्रमांक ब्ळ 18 स् 1086 में परिवार के साथ सुकमा मेला देखने के लिये आये हुए, मोटर सायकल को छाया एजेन्सी के सामने फर्नीचर दुकान के पास खड़े करके मेला घुमने के लिये चले गये वापस आ कर देखने से उक्त मोटर सायकल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना कोतवाली सुकमा में अपराध क्रमाक 27/2024 धारा 379 भादवि. के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की संवेदनशीलता की दृष्टिकोण से आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी एवं मोटर सायकल की बरामदी हेतु पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा किरण चव्हाण के मार्ग-दर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा, अभिषेक वर्मा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुकमा परमेश्वर तिलकवार के पर्यवेक्षण में थाना सिटी कोतवाली सुकमा की सिविल दस्ते में एक टीम तैयार कर अज्ञात चोर को पतासाजी करने शहर में पाबंद किया गया था, शहर में सिविल में तैनात टीम ने घटना, दिनांक से अथक प्रयास एवं लगन से मोटर सायकल चोरी के आरोपी को पता करने एवं मोटर सायकल को बरामदी करने में सफलता प्राप्त हुई । उक्त मोटर सायकल को आरोपी अभिजीत मिस्त्री पिता रामपदो मिस्त्री उम्र 21 वर्ष साकिन एम.पी. व्ही 12 थाना पटारू जिला मलकानगिरी वर्तमान पता इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्र. 01 थाना सुकमा जिला सुकमा के द्वारा चोरी किया गया था। आरोपी के कब्जे से मोटर सायकल को बरामद किया गया। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुये दिनांक 14.04.2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।इस कार्यवाही सउनि. नितिश चन्द सरकार, प्रधान आरक्षक 588, धरम सिंह नरेटी, प्रधान आरक्षक 688 तीजू कश्यप, आरक्षक क्र. 668 जितेन्द्र नेगी व थाना स्टाफ की विशेष भूमिका रही।

## संग्राहकों व फड़मुंशियों के लिए वन मंत्री केदार कश्यप ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं

**सुकमा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा चुनाव के चुनाव प्रचार में भाजपा पूरा जोर लगा रही है। वनमंत्री केदार कश्यप शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ बीजापुर के दौरे पर थे। जहां



चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने तेंदूपत्ता संग्राहकों और फड़मुंशीयों के मानदेय के संबंध में बड़ी बात कही ।खाता विहीन तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान, फड़मुंशीयों के मानदेय में होगी वृद्धि वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार आदिवासी हित में फैसला लेकर समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। विष्णुदेव साय सरकार हर वर्ग की चिंता कर रही है। वनमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक जिनके पास बैंक खाता नही है, ऐसे संग्राहकों को लोकसभा चुनाव के बाद नगद राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही फड़मुंशीयों के मानदेय में वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में फड़मुंशीयों को न्यूनतम मानदेय 7200 रुपये प्राप्त हो रहा है, इसे लोकसभा चुनाव के बाद बढ़ाकर देंगे।

## सीपीआई प्रत्याशी का कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर किया स्वागत

**सुकमा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा मुख्यालय मे जनसभा को प्रत्याशी फुलसिंह कचलाम सम्बन्धित किया,





तत्पश्चात सुकमा से छिन्दगढ ब्लाक के लिए जनसभा को संबोधित करने पहुंचे ग्राम पतिनाईकरास, छिन्दगढ ब्लाक के उर्जावान कार्यकर्ताओ ने सीपीआई प्रत्याशी कामरेड फुलसिंह कचलाम को पाकेला से सैकड़ो बाईक के माध्यम से स्वागत कर बाईक रैली के माध्यम से जनसभा तक निकालकर प्रत्याशी को लाया गया, सीपीआई प्रत्याशी कामरेड फुलसिंह कचलाम ,पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, रामासोड़ी, गंगाराम नाग, सभा को संबोधित किया, इस अवसर पर पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए, चुनाव का हुंकार भरा।

## मतदान केंद्रों के लिए हेलीकॉप्टर स भेजे जा रहे मतदान दल

**सुकमा, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस.एस और एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण ने मतदान दलों के अधिकारी



व कर्मचारियों दी शुभकामनाएं बस्तर लोकसभा के लिए पहले चरण के तहत 19 अप्रैल 2024 को होना हैं मतदान।

# संरक्षणप्राप्त कछुए की तस्करी करते पकड़े गए 3 लोग 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 17 अप्रैल ।** मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर श्री आरसी दुग्गा के मार्गदर्शन एवं वनमण्डलाधिकारी सुकमा श्री अशोक पटेल के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र सुकमा के अधिकारी-कर्मचारी एवं वनमंडल स्तरीय उड़नदस्ता दल के द्वारा घेराबंदी कर 15 अप्रैल को संध्या 4 बजे तीन लोगों को पकड़ने से दो नग संरक्षणप्राप्त कछुए (सामान्य नाम इंडियन सॉफ्ट सेल टर्टल एवं वैज्ञानिक नाम निलसोनिया गैंजेंटिका ) बरामद किया गया। उक्त तीनों तस्करों क्रमशः राजेंद्र प्रसाद रेड्डी पिता रामा सुब्बा रेड्डी उम्र 48 वर्ष निवासी गुंटुर (आंध्र प्रदेश), मरकाम अडमैया पिता जोगैय्या उम्र 31 वर्ष निवासी वारंगल (तेलंगाना) तथा ए वेणुगोपाल पिता ए वेंकटेश्वर राव उम्र 34 वर्ष निवासी विजयवाडा (आंध्र प्रदेश) के रूप में पहचान किया गया है। यह तीनों लोग उक्त कछुए को भद्राचलम से किसी व्यक्ति से खरीद कर झाड़-फूक तंत्र-मंत्र के उद्देश्य से ऑटो से जगदलपुर की ओर ले जा रहे थे। तभी वन विभाग सुकमा के वन कर्मचारियों ने उन्हें धर दबोचा। उक्त तीनों व्यक्तियों को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 यथा संशोधित 2023 के तहत कार्यवाही करते हुए पीओआर जारी कर न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा द्वारा 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जिला जेल सुकमा में भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में समस्त वन अधिकारी-कर्मचारी एवं दैनिक श्रमिकों और वन परिक्षेत्र सुकमा के अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मुख्यालय में अनुपस्थित रहने पर उप अभियंता को शो कॉज किया जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 17 अप्रैल।** नगर पंचायत चारामा में मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने उप अभियंता को नोटिस जारी कर मुख्यालय में अनुपस्थिति एवं कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए लिखित जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी पत्र मे कहा गया है कि उप अभियंता को मुख्यालय में रहने के लिए नगर पंचायत द्वारा क्वार्टर आबंटित किया गया है उसके बाद भी उप अभियंता के लगातार मुख्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण नगरवासी, ठेकेदारों एवं जनप्रतिनिधियों को कार्यालय का चक्कर लगाना पडता है जिससे नगर की छवि छुमिल हो रही है।

अतः उक्त संबंध में कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित जवाब प्रस्तुत करने अन्यथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका कर्मचारी भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम 1968 की धारा 95 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर उच्च कार्यालय को भेजने की बात कही गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी बंशी लाल नुरूटी के द्वारा अपने प्रथम कार्यकाल में भी इसी प्रकार नगर पंचायत चारामा में पदस्थ कैशियर के विरूद्ध आदेश जारी कर निलंबित कर दिया गया था जिसे लगभग दो महिने बाद पुनः बहाल कर दिया गया इसलिए वर्तमान में उप अभियंता के विरूद्ध जारी पत्र भी दबाव बनाने का तरीका तो नही है यह आने वाले समय में पता चल पायेगा। फिलहाल महिला उप अभियंता को जारी शो कॉज नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# भाजपा अध्यक्ष ने कई जगह महेश कश्यप के लिए मांगा वोट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 17 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने आज भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के पक्ष में धुवांधार प्रचार प्रसार किया। उन्होंने कोंडागांव जिले के बयानार में मंत्री केदार कश्यप के साथ भेंट की एवं जनसंपर्क पर अग्रसित हुए। बड़े कुरूषनार में आमसभा को संबोधित किया। इसके पश्चात बीजापुर के भोपालपट्टनम में रैली में शामिल हुए। इसके पश्चात सुकमा के कोटा में जनसभा में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी एवं मंत्री केदारकश्यप, समेत कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के मर्दापाल में भाजपा द्वारा आयोजित जनसभा में हजारो की संख्या में मौजूद ग्रामीणजन को किरण देव व केदार कश्यप ने सम्बोधित करते हुए प्रत्याशी महेश कश्यप के समर्थन में वोट करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि आपका बेटा, आपका भाई,दोस्त महेश कश्यप को इस बार जीताकर सांसद बनाना है। कांग्रेस सरकार ने पिछले कार्यकाल में 5 साल छत्तीसगढ़ को लूटा हैं। पालनहारी मुख्यमंत्री के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को विकास की ओर हम ले के जाएंगे। महेश कश्यप को आप सभी अधिक से संख्या में वोट दे कर विजयी बनाये। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार में तेंदूपत्ता एक दिन दो दिन खरीदा जाता था। भाजपा सरकार में 15 दिन तक एक-एक पत्ता भाजपा सरकार खरीदेगी। कांग्रेस



सरकार ने चरण पादुका योजना को बंद किया था हमारी सरकार बनते ही उसको फिर से प्रारंभ कर दिया गया है।प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कांग्रेस सरकार राज में आदिवासियों का सिर्फ शोषण हुआ है। आदिवासी भाइयों बहनों को छल करते हुए उनसे उनका अधिकार छिनने का काम किया है। कांग्रेस ने बलि का बकरा बनाने 2000 करोड़ के शराब घोटाले के मास्टरमाइंड को प्रत्याशी बनाया है। ये वही व्यक्ति है जो कहता है कि बड़ा नेता बनना है तो कलेक्टर का कॉलर पकड़ो, पुलिसवालों को तीर से मारो और तो और मोदी मरेगा तो मै जीतूंगा। ऐसे बयान देने वाले व्यक्ति को वोट देना मतलब बस्तर को बर्बादी व अशांति की ओर ले जाना है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गुलाब फूल भेंटकर पी-2 के 64 मतदान दलों को किया रवाना

**जगदलपुर,17 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा 85-बस्तर, 86-जगदलपुर, 87 चित्रकोट और आंशिक 84 नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पी-2 के 64 मतदान दलों को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय परिसर में बुधवार को मतदान सामग्री का वितरण कर सम्बन्धित मतदान केंद्रों के लिए वाहनों से रवाना किया गया। मतदान सामग्रियों के वितरण के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा द्वारा मतदान दलों के सदस्यों को गुलाब फूल भेंट कर शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए मतदान कर्मियों को दी शुभकामनाएं देते रवाना किया गया। कलेक्टर ने सभी वितरण केंद्रों के स्टाल में जाकर निरीक्षण करते हुए समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं मतदान दलों के सदस्यों से रूबरू होकर उन्हें सभी मतदान सामग्री का मिलान कर मतदान केन्द्रों हेतु प्रस्थान करने की समझाइश दी।मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रातः 7 बजे से वितरण किया गया,सामग्री मिलने के बाद मतदान कर्मचारी मौका मिलान कर अपने दलों के सदस्यों और सेक्टर अधिकारियों के साथ वाहनों में रवाना हुए। तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर्स ने सामग्री वितरण व्यवस्था को निर्बाध करवाते हुए मतदान दलों को वाहनों से रवानगी करवाई गई। पी-2 के तहत विधानसभा नारायणपुर के 07, बस्तर के 04, जगदलपुर के 13 और चित्रकोट विधानसभा के 40 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। वाहनों में मतदान दलों की रवानगी के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय ने मतदान दलों को शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्न शत-प्रतिशत मतदान करवाने और सकुशल वापस आने की शुभकामनाएं दी।

## स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत माड़पाल में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**जगदलपुर 17 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जगदलपुर विकासखण्ड के माड़पाल में महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और स्लोगन-नारे के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता रथ के जरिये भी ग्राम पंचायत माड़पाल के विभिन्न वार्डों में उद्घोषणा कर मतदाताओं को मतदान में व्यापक सहभागिता निभाने का आव्हान किया गया।वहीं जगदलपुर के धरमपुरा में संचालित ज्ञानगुड़ी तथा लाला जगदलपुरी लायब्रेरी के युवाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरक सन्देश दिया। इस मौके पर उपस्थित सभी महिला समूहों की दीदियों और युवाओं द्वारा देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पूर्ण आस्था रखते हुए भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए धर्म,जाति,वर्ग,क्षेत्र एवं भाषा से भेदभाव किये बगैर तथा किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली गई। इस दौरान ग्राम पंचायत माड़पाल में महिला समूहों की दीदियां एवं पंचायत सचिव,रोजगार सहायक,स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं और ज्ञानगुड़ी एवं लाला जगदलपुरी लायब्रेरी के युवा मौजूद थे।

**एक नजर**

### सीएमएचओ ने सिविल अस्पताल खरसिया का औचक निरीक्षण किया



**रायगढ़, 17 अप्रैल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने आज सिविल अस्पताल खरसिया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान दो आरएचओ महिला को अपना वेक्सीन कक्ष में साफ-सफाई व अव्यवस्थित पाये जाने तथा ऑन लाइन में एण्ट्री न किये जाने पर दोनों आरएचओ के दो दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही चपले में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर सीजेरियन प्रसव के लिये व्यवस्था कर प्रसव बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती समस्त मरीजों से हाल चाल पूछा और अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओ के बारें में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ एनआरसी पहुंचे जहां 11 बच्चे भर्ती थे। उन्होंने ब्लड बैंक में एक ही लैब टेक्नीशियन होने से वहां निर्वाचन समाप्ति के बाद शीघ्र ही व्यवस्था करने की बात कही।

### वाहन सीजी 02 8900 की 24 जून 2020 को हो चुकी है नीलामी, 27 जून 2020 को सौंपा जा चुका है आधिपत्य

**रायगढ़, 17 अप्रैल।** वाहन क्रमांक सीजी 02 8900 का प्रचार में उपयोग संबंधी घटना की जानकारी मिलने पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि उक्त वाहन क्रमांक सीजी 02 8900 निष्प्रयोजित घोषित होने पश्चात दिनांक 24 जून 2020 को नीलाम कर दी गई थी। जिसे श्री गौरीशंकर गुप्ता ग्राम तेतला जिला रायगढ़ द्वारा क्रय किया गया था। जिसके पश्चात 26 जून 2020 को उक्त वाहन का आधिपत्य श्री गौरीशंकर गुप्ता को इस शर्त के साथ सौंपा जा चुका है कि वाहन संबंधी सभी नियमों का पालन करना नाम परिवर्तन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकता पूर्ण करने के लिए श्री गौरीशंकर गुप्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे और उक्त वाहन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना क्षति एवं अप्रिय घटना के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। वर्तमान में यह वाहन निजी स्वामित्व में है।जिला परिवहन अधिकारी श्री अमित प्रकाश कश्यप को मामले की जाँच करने तथा शासकीय वाहन नंबर अवैध रूप से उपयोग किए जाने की शिकायत सही पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 तथा भारतीय दंड संहिता 1860 के सुसंगत प्रावधानों के अधीन प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रवीण तिवारी को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अधीन कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए आज 4 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन



**रायगढ़, 17 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक-02 के लिए आज 04 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया है। जिनमें श्री प्रकाश कुमार उरांव-निर्दलीय, श्री राधे श्याम राठिया-भारतीय जनता पार्टी, श्री रूपनारायण एक्का-बहुजन मुक्ति पार्टी एवं श्री मदन प्रसाद गोंड-गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ने नामांकन फार्म जमा किए। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल अपरान्ह 03 बजे तक है। 17 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने और जमा करने का कार्य बंद रहेगा। नाम निर्देशन दाखिल करने हेतु 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 03 वाहनों के प्रवेश की अनुमति है। इसी तरह रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम 05 व्यक्ति प्रवेश कर सकते हैं।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**महासमुंद।** शासकीय पॉलीटेक्नीक के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एस आलोक के निर्देशानुसार एवं संस्था के प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन व संस्था नोडल अधिकारी सालिक राम ढीमर के सहयोग से संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक द्वारा नवीन मतदाताओं में शत प्रतिशत मतदान के लिए एक-एक वोट के महत्व को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया गया। साथ ही संस्था परिसर से ग्राम बारोंडाबाजार में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा संस्था के प्राचार्य द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर 26 अप्रैल को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### यूथ प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ने दिया अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश

**धमतरी 17 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जिलेवासियों द्वारा स्व विवेक से अनेक स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन्हीं कार्यक्रमो में बीते दिन यूथ प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन धमतरी की ओर से ग्राम मुड़पार में अधिक से अधिक लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया गया और आने वाले 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई। संस्था के डॉ भूपेंद्र साहू ने मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान को आवश्यक बताया ।

#### भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने किया नामांकन दाखिल

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में रामलीला मैदान से निकली राधेश्याम राठिया की नामांकन रैली



**रायगढ़ 17 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन का दौर शुरू हो चुका है। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय लगातार अलग-अलग जिलों का दौरे कर रहे हैं और प्रत्यशियों की नामांकन रैली में शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही सीएम विष्णुदेव साय भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करते हुए जनता से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज सीएम विष्णुदेव साय रायगढ़ जिले के दौरे पर है। लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान राधेश्याम राठिया के विजय के रथ को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

इस दौरान रायगढ़ शहर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओँ का उत्साह देखते ही बन रहा था। नामांकन दाखिल से पहले रामलीला मैदान में एक आमसभा का भी आयोजन किया। जिसमे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ,पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, गुरुपालभल्ला , श्रीकांत सोमावार, व संगठन के कई बड़े नेता समेत मंच पर उपस्थित हुए। सीएम विष्णुदेव साय ने सभी 7 विधानसभा से पहुंचे कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए राधेश्याम राठिया को भारी मतों से जिताने की आपिल की. सभा के बाद नामांकन रैली भी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट तक पंहुचे। इसके बाद बीजेपी प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कहा कि जनता का रुझान भाजपा के साथ है।

## मिश्रा जी ट्राइबल कैसे हो गए,रामविचार नेताम ने कांग्रेस प्रत्याशी पर उठाए सवाल



**रायगढ़ 17 अप्रैल ।** नामांकन के लिए रायगढ़ आए कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस प्रत्याशी पर तंज कसते हुए कहा कि श्रीमती मिश्रा आदिवासी कैसे हो गई यह आश्चर्य का विषय है। उन्होंने कहा कि किसी आदिवासी के बजाय किसी मिश्रा को टिकट देना आदिवासी समाज का अपमान है। रायगढ़ के कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर मेनका देवी सिंह के पति डॉक्टर परिवेश मिश्रा हैं और नेताम ने उन्हीं पर तंज कसते हुए डॉक्टर मेनका देवी सिंह को मिश्रा यानि ब्राह्मण बता दिया। इस तरह का बड़ा हमला पहली बार भाजपा की तरफ से किया गया है। हालांकि इसपर कांग्रेस की भी प्रतिक्रिया आयेगी लेकिन इस बयान के बाद राजनीतिक बयान बाजी तेज होने की संभावना है। इसे पहले राम विचार नेताम ने मोदी की गारंटी की बात बताई और 2014 से अबतक के मोदी सरकार के काम काज पर प्रकाश डालते हुए इसे वैश्विक स्तर का बताया। उन्होंने मोदी सरकार के अलावा विष्णुदेव साय के सरकार द्वारा किए गए अब तक के कामों के बारे में भी बताया जिसमें 18 लाख परिवारों का घर, किसान समृद्धि योजना और नारी शक्ति वंदन योजना को गिनाया।

## सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों की बैठक

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों की बैठक ली। सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग आवश्यक है। आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपनी शिकायत एवं समस्याओं के संबंध में संपर्क नंबर पर जानकारी दे सकते हैं तथा न्यू सर्किट हाउस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मिल सकते है। उन्होंने उपस्थित अभ्यर्थियों एवं प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए। बैठक में महासमुंद जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास, धमतरी एवं गरियाबंद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक रामप्रभु उड़ई आर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू मौजूद थे तथा पुलिस प्रेक्षक एम राकेश चंद्र कलासागर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण व अभ्यर्थीगणों में ताम्रध्वज साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी, महेश स्वर्ण निर्दलीय, नारद प्रसाद निषाद शक्ति सेना भारत देश, डॉ. आत्मानवरत्न बसपा, संतोष बंजारे निर्दलीय, दाउलाल चंद्राकर, देवीचंद राठी, अमित साहू बैठक में शामिल थे।बैठक में सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कहा कि सीलिंग कार्य के समय सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हादसे के जांच अधिकारी को किसी ने अब तक साक्ष्य नहीं सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 अप्रैल।** भिलाई केडिया कैसल डेलॉन डिस्टिलरीज लिमिटेड, कुम्हारी में ड्यूटी कर लौट रहे कर्मियों की बस 9 अप्रैल को दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी। घटना में 12 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में प्रशासन ने दण्डाधिकारी जांच करने की बात कही है। जांच के लिए एसडीएम, भिलाई 3 महेश सिंह राजपूत को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने घटना के संबंधित साक्ष्य या बयान के लिए इश्तेहार जारी किया हादसे को हुए अब एक सप्ताह बीत रहा है लेकिन जांच अधिकारी के पास किसी ने भी न तो साक्ष्य पेश किया है और न कोई बयान दर्ज करवाने आया है। जांच अधिकारी ने बताया कि बस में सवार कर्मचारी, जो घायल है, हॉस्पिटल से छु?ट्टी होने के बाद बयान लिया जाएगा। वहीं इस बीच अगर कोई भी बयान या साक्ष्य पेश करना चाहता है, वह कर सकता है। यह है मामला - कुम्हारी, केडिया कंपनी से ड्यूटी के बाद बस रात 8 बजे कर्मियों को लेकर लौट रही थी। इसमें कंपनी के तकनीकी कर्मी, सुरक्षा कर्मी और बोटलिंग के कर्मचारी मौजूद थे बस खदान के करीब पहुंची तो गड्ढे में गिर गई

एक तरह के दो हादसे, कार्रवाई में भेदभाव 12 मौत एक पर अपराध दर्ज

कुम्हारी में 9 अप्रैल को बस हादसे में वर्जनभर कर्मियों की मौत हो गई। प्रशासन ने चण्डाधिकारी जांच करने की बात कही है वहीं पुलिस ने चालक के खिलाफ 304 ए समेत तीन धारा के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है अब तक इस मामले में और किसी के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं हुआ है

6 मौत, 3 गिरफ्तार 8 धाराएं लगाई गई हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 11 अप्रैल को स्कूल बस पलटने से निजी स्कूल के 6 बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में स्कूल प्रिंसिपल दीप्ति राव, बस के ड्राइवर धर्मेंद और स्कूल सचिव होशियार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ 8 धाराओं में केस दर्ज किया गया है इसमें उम्रकैद तक की सजा हो सकती है

## कलेक्टर ने पूजा-पाठ करके मतदान कर्मियों को हेलीपैड के लिए किया रवाना



**बीजापुर, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर का मतदान 19 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से 03 बजे तक मतदान की प्रक्रिया होनी है जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर सभी तैयारियां पूर्ण ही जा चुकी है। जिले में पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है ताकि मतदान शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। संसदीय क्षेत्र बस्तर क्रमांक 10 के अर्न्तगत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में मतदान की पूरी तैयारियां की गई है। बीजापुर जिले के अत्यंत सुदूर एवं संवेदनशील चिन्हाकिंत 76 मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर के माध्यम से मतदान दलों की रवानगी सुबह से शुरू हो चुकी है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने मतदान कर्मियों के बस का विधिवत पूजा-अर्चना कर शांतिपूर्ण मतदान के लिए ईश्वर से कामना करते हुए मतदान दलों को हेलीपैड रवाना किया जिसके बाद क्रमशः मतदान दलों को चिन्हाकिंत मतदान केन्द्रों में हेलिकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। जिले में कुल 245 मतदान केन्द्रों के लिए 1352 मतदान कर्मी, 60 सेक्टर अधिकारी एवं 67 माईक्रो आर्ब्जवर जिसमें रिजर्व नियुक्त किया गया है। इसी तरह पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती जिले में की गई है ताकि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हो सके।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने सभी मतदान कर्मियों को मतदान के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुऐ उनका हौसला बढ़ाया। वहीं मतदान कर्मियों में जोश और उमंग देखने को भी मिला।

## 19 अप्रैल को जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें



**बीजापुर, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अर्न्तगत बस्तर संसदीय क्षेत्र 10 में प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा। बस्तर संसदीय क्षेत्र में शामिल बीजापुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में निर्वाचन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के मतदाताओं को बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता देकर मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करने की अपील की है। वहीं सभी मतदान केन्द्रों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध है ताकि किसी मतदाता को परेशानी न हो, वहीं सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बिना डर भय के स्वतंत्र और निष्पक्ष मताधिकार का प्रयोग कर जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने में अपनी महती जिम्मेदारी निभाने की बात कही।

## कत्थक नृत्यांगना नंदना बी.एस ने अपने नृत्य से जिलेवासियों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया



**बीजापुर, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता ।** लोक सभा आम निर्वाचन को मद्देनजर रखते हुए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। वहीं जिले के विभिन्न वर्गों में स्वस्फूर्त मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लोगों से अपील की गई। इसी क्रम में जिले की कत्थक नृत्यांगना नंदना बीएस ने मैं भारत हूं,भारत है मुझमें,हम भारत के मतदाता है, गीत में अपनी प्रस्तुति देते हुए जिले के सभी मतदाताओं को 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

### आबकारी अमले ने की गई अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

**धमतरी 17 अप्रैल ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा ने बताया कि नगरी के ग्राम बहनापाथरा नाला में आबकारी अमला द्वारा कार्यवाही कर 90 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया तथा लगभग दो हजार किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। साथ ही अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी।

## खेल में हार से खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए:राशि महिलांग



**महासमुंद।** मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग बतौर मुख्यातिथि ग्राम बम्हनी में आयोजित बम्हनी प्रिमियर लिंग 2024 के फाइनल मैच में शामिल हुई। फाइनल मैच बम्हनी और ग्राम कौवाझर टीम के बीच खेला गया। बम्हनी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम

कौवाझर को 86 रन लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विपक्षी कौवाझर की टीम 55 रन ही बना पाई और बम्हनी की टीम विजयी रही। मुख्यातिथि की आसंदी से खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि खेल में हार और जीत दोनों खेल के अहम पहलू है। एक टीम को जहां जीत मिलती है तो वहीं दूसरी टीम को हार का सामना करना पड़ता है। हार से टीम और खिलाड़ियों को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि हार से सीख लेकर खेल के दौरान हुई गलतियों को अगली बार के खेल में सुधार करना चाहिए ताकि अगली बार वे जीत सके। उन्होंने विजयी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। इससे पूर्व बम्हनी टीम के कप्तान भगवती सोनवानी, उपकप्तान पोखन सोनवानी ने उनका स्वागत किया। फाइनल मैच को देखने के लिए बम्हनी के अलावा आसपास के गांव के युवा और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच में प्रमुख रूप से कामता सोनी, लक्ष्मण रात्रे, गैंदराम, गोकुल, जितेन्द्र, बालाराम, जीवराखन, मोहन, लल्लू, राजू मौजूद रहे। श्रीमती महिलांग ने विजयी टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10001, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अश्विनी सचिन गायकवाड़ ने उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5001 रुपए और तृतीय पुरस्कार 3001 लल्लू पाल ने दिया।

## भारत निर्वाचन आयोग की अनिवार्य सेवा के तहत जिले के पत्रकारों ने किया डाक मतपत्र से मतदान

निर्वाचन आयोग की पहल को सराहा

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मी सहित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल है। इस अनिवार्य सेवा का लाभ उठाते हुए पहली बार जिले के तीन पत्रकारों ने अपने मताधिकार का उपयोग डाक मतपत्र के माध्यम से किया है। महासमुंद जिले के वरिष्ठ पत्रकार संजय डफले, जितेंद्र सतपथी एवं जयदेव सिंह ने डाक मतपत्र अंतर्गत अनिवार्य सेवा के लिए स्थापित सुविधा केंद्र में 15 और 16 अप्रैल को मतदान किया। मतदान के पश्चात इस नवाचार के संबंध में जिले के वरिष्ठ पत्रकार संजय डफले ने आयोग के पहल की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व के दिन मतदान केंद्रों में कवरेज के लिए सुबह से शाम तक पत्रकार भाग- दौड़ में जुटे रहते हैं। खुद का वोट डालने के लिए उन्हें बहुत कम समय मिलता है, इसे ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने पहली दफा आयोग से अधिकृत पत्रकारों को अनिवार्य सेवा में शामिल करते हुए उन्हें पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा प्रदान की है। आज मैंने इस सुविधा का उपयोग कर नई सरकार बनाने में अपना योगदान दिया।

इसी तरह पत्रकार जयदेव सिंह ने मतदान के पश्चात कहा कि छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव 2024 में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फ्रंट लाइन वर्कर के अलावा मीडिया में कार्यरत पत्रकारों को भी बैलट पेपर से मतदान करने की जो सुविधा मुहैया कराया गया है वह काबिले तारीफ है। क्योंकि एक पत्रकार आम जनता, कार्यपालिका और विधायिका के बीच सेतु का काम करते हैं, और इस बीच कई दफा वे अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। भारत निर्वाचन आयोग की इस व्यवस्था से अब पत्रकार अपने अधिकार से वंचित नहीं रहेंगे। मुझे रीढ़ की हड्डी में परेशानी है और ज्यादा समय तक खड़े रह पाना मेरे लिए बहुत ही मुश्किल होता है, भारत निर्वाचन आयोग की यह व्यवस्था से वोट करना मेरे लिए आसान हो गया। मतदान के दिन पोलिंग बूथ में लाइन लगाकर घंटों अपनी पारी का इंतज़ार करना शायद मेरे लिए आसान नहीं होता। लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की ऐसी व्यवस्था से वोट देना मेरे लिए संभव हो पाया है। पूरे विश्व में भारत ही एकमात्र लोकतांत्रिक देश है, और इसी देश में ऐसी व्यवस्था की कल्पना की जा सकती है। शायद ऐसी व्यवस्था न होता तो मतदान के दिन मैं अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाता। भारत निर्वाचन आयोग को मेरी ओर से साधुवाद। पत्रकार जितेंद्र सतपथी ने भी आयोग के इस पहल का भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि मतदान के दिन कवरेज और लगातार रिपोर्टिंग के कारण मतदान करने का अवसर नहीं मिल पाता। लोकतंत्र के इस महापर्व में मताधिकार के प्रयोग से कई बार वंचित रह जाना हमेशा तकलीफदेह रहता था। इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने शानदार पहल की है। जिसके कारण मतदान के पूर्व ही अपने मताधिकार का प्रयोग पोस्टल बैलेट से कर पाए। अब हम मतदान के दिन अपने रिपोर्टिंग और कवरेज का कार्य आसानी से कर पायेंगे।उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12 घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। महासमुंद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय चरण में निर्वाचन संपन्न होना है।

### मतदान दलों का दिया गया प्रशिक्षण

**धमतरी 17 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, मतदान अधिकारी क्रमांक-2 और मतदान अधिकारी क्रमांक-3 को आज स्थानीय मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरता से समझे मतदान सामग्रियों की पूर्ण जांच कर लें, मतदान के समय ईवीएम और वीवीपैट मशीन क्लियर करना, सीलिंग करना, मशीन संचालन, पर्ची आदि की जानकारी अच्छी तरह से लें।

# ज्योत जंवारा विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 17 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि के नवमे दिन बुधवार को जोत जंवारा का विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक मातारानी के आस्था व विश्वास के प्रतीक जोत जंवारा की विसर्जन यात्रा गाजे-बाजे के साथ ग्राम सुपेला के स्थानीय तालाब के लिए निकली। पारंपरिक सेवा जसगीत पर माता भक्त झूमते नाचते आगे बढ़ रहे थे। नौ दिनों तक मातारानी के आस्था से अनेकों जोत जंवारा विसर्जन के लिए गांव की तालाब पहुंचे जिसके चलते माता भक्तों की शीतला मंदिर से गांव की प्रमुख तालाब तक बनी हुई थी। भक्त नम आंखों से माता रानी के आस्था के प्रतीक जोत जंवारा को अंतिम विदाई दे रहे थे।

ज्ञात हो कि इससे पहले अष्टमी को हवन पूजन का कार्यक्रम उत्साह के साथ हुआ। अष्टमी विशेष होने के चलते सुबह से देर शाम तक शीतला मंदिर में हवन पूजन व कन्या भोज का कार्यक्रम चलता रहा। चैत्र नवरात्र के अवसर पर ग्राम के शीतला माता मंदिर श्रद्धालु भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए हुए थे। इसी कड़ी में बुधवार को अष्टमी होने के चलते ग्राम सुपेला के शीतला माता मंदिर में हवन पूजन का विशेष अनुष्ठान संपन्ना हुआ। जिसमे ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष मूलचंद साहू, सचिव द्वारिका प्रधान, कोषाध्यक्ष दिग्विजयसिंह, कृष्णदयाल साहू, हितेंद्र साहू, चेतन देवांगन, अश्वनी साहू, अवधराम साहू, सोनऊ देवांगन, कामता देवांगन, बैगा बुद्धदेव साहू, विष्णु साहू, गुहलेद राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सप्तनिक पूजा पर बैठे थे। सभी ने हवन पूजन पश्चात बुधवार को माता के नौ स्वरूप का ध्यान करते हुए कन्या भोज कराया और विशेष पूजन अर्चना की। तत्पश्चात सभी आमजनों का खीर पूड़ी प्रसादी का वितरण किया गया विसर्जन अवसर पर शीतला मंदिर में श्रद्धालु भक्तजनों के लिए ठंडे पेय पदार्थों की व्यवस्था की गई थी।

### पौराणिक कथा के अनुसार सिद्ध मां मावाली दाई का प्राचीन इतिहास

# मां सभी श्रद्धालुओं के कष्टों को दूर कर पूरी करती है मनोकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 17 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 38 कि मी, बिलासपुर न्यायधानी के 90 कि मी की दुरी पर दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे लाइन, एव राष्टीय मुख्य सड़क राजमार्ग के बीचों बीच बसा शहर तिल्दा नेवरा नगरपालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 पुरानी बस्ती तिल्दा मे स्थित मां मावली मंदिर प्राचीन काल के समय से जाना पहचाना जाता है। इनकी प्राचीन इतिहास भी है।

बताया गया है कि लगभग 200 वर्ष पुरानी है जिसकी ख्याति दूर दूर तक फैली हुई है। जैसे कि मां मावली मंदिर धमधागढ़ मां मावली फिंगेश्वर, मां मावली सिंगारपुर, भाटापारा, मां मावली बलौदाबाजार, मा मावली मंदिर पुरानी बस्ती तिल्दा मे स्थित है। इस मंदिर की ख्याति के संबंध में कई प्रकार की धारणाएं हैं, किवदि्तयो के अनुसार मां मावली मंदिर कब और किसने बनाया इसका कोई ठोस प्रमाण आज तक नहीं मिला है। जनश्रुति में यह हैं कि किसी जमाने में कल्चुरी राजा का राज चलता था जिसके चलते यहां पर कुछ व्यापारी व्यापार करने के लिए इसी मार्ग से रतनपुर जाते थे जो कि छत्तीसगढ़ का पुराना राजधानी था। यह स्थान एक घनघोर जंगल था। और रात्रि हो जाने के के कारण इसी जगह पर व्यापारी लोग आराम करने के लिए तिल्दा स्थित महीनो अपना पढ़ाव डालकर रुकते थे। इसी चर्चा है कि मां मावली का मंदिर एवम उसके समीप बौली, तालब का साफ निर्मल पानी वा नीम, ईमली इत्यादि अनेक वृक्ष था वही एक खंडहर नुमा एक छोटी सी कुटिया थी उसी कुटिया में मां मावली स्थापीत थी। समय के साथ साथ शैने शैने धीरे धीरे बदलाव आते गया और यहां पर प्राचीन काल में गोड समाज के राजा गोडवाना का गढ़ था ओर गोड राजाओं का अधिपत्य धीरे धीरे समाप्त होकर मराठा शासको




के अधिपत्य में आ जानें के पश्चात ब्रिटिश शासन करने लगे।

200 वर्ष गुजर जाने के बाद यहां पर सर्व प्रथम स्व हरिराम ठेठवार यदु बैगा जो अपने परिवार के साथ आकर मानव सेवा। गो सेवा। नाड़ी देखकर लोगों की ईलाज रोग। नाड़ी विशेषज्ञ। जड़ी बूटियों से उपचार एव गो पालन करने लगे। एक दिन गाय चराते चराते वह उस घनघोर जंगल में चले गये ओर उसी जगह नीम इमली के वृक्ष के नीचे आराम करते हुए उसे नींद लग गया और गाये घने जंगल में चले गए जो कि घास फूंस ढका हुआ था। अचानक जब बैगा का नींद खुला तो देखा कि गाये वहा नहीं दिखाई दिए तो इधर उधर देखा ओर जंगल के आस पास तलाश करते एक सप्ताह बीत गया उनकी गाये नही मिला तो श्रध्दापूर्वक मां मावली की मूर्ति दिखाई दिया उसने माता के सामने सच्चे मन से श्रद्धा से स्मरण किया कि मां मावली मेरे गाये मिल जाय तो मैं घी का ज्योत जलाऊगा। वहा से घर वापस आ गए और जैसे ही उसने अपने घर में कदम रखा ओर कोठा को देखे सभी गाये आ गए थे। इस बात की जानकारी गांव के मालगुजार रायबहादुर को दिया जो कि मनोहर राव साहब के दादा साहब थे। जिनका ईलाज उपचार स्व हरी राम बैगा ही करते थे।

### कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# समय-सीमा में करें सभी कार्यों का निपटारा : चौहान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल.चौहान ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित समय- सीमा की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखकर कार्यों का निपटारा समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, व्हील चेयर, वेबकास्टिंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को मतदान दिवस के 7 दिवस पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर चौहान ने प्रत्येक विधानसभा में 10-10 आदर्श मतदान केंद्र, 205 संगवारी मतदान केंद्र, 4 युवा मतदान केंद्र तथा 4 दिव्यांग मतदान केंद्र में आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मतदान दलों के लिए बस एवं अन्य वाहन अधिग्रहण के लिए रूट का निर्धारण करते हुए आवश्यता अनुसार वाहन अधिग्रहण करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए। इसके साथ ही मतदान के दिन सभी राजव अनुभागों में 2-2 वाहन आरक्षित करने कहा ताकि जरूरत पड़ने पर शीघ्र वाहन उपलब्ध हो सके। उन्होंने 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओ के लिए होम वोटिंग के लिए सभी आवश्यक तैयारी करने कहा।

कलेक्टर ने मतदान दलों का प्रशिक्षण, ईव्हीएम का कमीशनिंग, स्ट्रोंग रूम में आवश्यक व्यवस्था, मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण, मतदान सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दलों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सहित स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर विस्तार से समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

## गांव में उत्पात मचाकर विवाद करने वाले 6 लोगों को किया गया गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 17 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी एवं अनावेदकगण आपस में एक ही गांव के निवासी है15 अप्रैल को साक्षी के घर में ननद की शादी का चुलमाटी कार्यक्रम था, जिसमें अनावेदकगण द्वारा हम भी नाचेंगे कहकर विवाद कर गाली गलौज किया था, जिस संबंध में आज दिनांक को गांव में बैठक किया जाकर थाना में सूचना आवेदन दी गई थी. जहां पर पुलिस की उपस्थिति में समझाइस दी जा रही थी, जहाँ पर अनावेदकगण द्वारा आकोशित होकर साक्षीगण व गांव के लोगों को तुमको देख लूंगा कहते हुए गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गये, मौके पर अनावेदकगण को गिरफ्तार नहीं किए जाने की दशा में निश्चित ही एक दूसरे को चोट पहुंचाकर गंभीर अपराध घटित करने की पूर्ण आशंका व संद्रीय अपराध घटित करने से रोकने व शांति कायम करने हेतु अनावेदकगण के गिरफ्तारी के अलावा और कोई साधन नहीं होने से अनावेदक को धारा 151 जा. फौ. के तहत गिरफ्तार किया जाकर तरमीन धारा 107, 116 (3) जा.फौ. के तहत अधिक से अधिक राशि से प्रतिबंधित करने का इस्तागासा प्रस्तुत किया है सभी आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 151/107, 116(3) जाफौ का इस्तगाशा तैयार कर माननीय स्थरू न्यायालय मे पेश किया गया है जहां से सभी आरोपियो को जेल भेजा गया।

# भाजपा का जारी किया संकल्प पत्र

## जुंगेरा स्थित जिला भाजपा कार्यालय बालोद में बैठक का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 17 अप्रैल।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री माननीय अमित शाह, रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह (राष्ट्रीय संकल्प पत्र संयोजक) ने संकल्प पत्र जारी किया, संकल्प पत्र को लेकर आज जुगेंरा स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर व बालोद जिले के जिला अध्यक्ष पवन साहू ने ली।

केंद्र नेतृत्व द्वारा जारी संकल्प पत्र को प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने पत्रकारों के सामने पढ़कर जानकारी संकल्प पत्र के विषय में दी, भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र 76 पन्नों का है। घोषणा पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं।इनमें नमो ऐप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले हैं। संकल्प पत्र को 24 समूहों में बांटा गया है। 10 सोशल ग्रुप में गरीब, युवा मध्यम वर्ग, मछुआरे, वंचित वर्ग, सीनियर सिटीजन, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग शामिल हैं। वहीं गवर्नेंस को 14 सेक्टर में बांटा गया है।

इसमें भारत के अन्य देशों से संबंध, आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा, समृद्ध भारत, ईज आफ लिविंग, विरासत का विकास, गुड गवर्नेंस, सुशासन, स्वस्थ भारत, शिक्षा, खेल, सभी सेक्टर्स का विकास, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को रखा गया है। जिला अध्यक्ष पवन साहू ने भी संकल्प पत्र को लेकर कुछ महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया पूरे देश ने इस बात को माना है कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी। भाजपा जो कहती है, उसे तो पूरा करती ही है और जो नहीं भी कहती लेकिन जनता के हित में यदि वे जरूरी होते हैं, तो उसे भी पूरा करके दिखाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए गए जाने वाले संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। आज देश की जनता को विश्वास है कि यदि मोदी की गारंटी है तो यह पूरा होकर रहेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 और 2019 में प्राप्त पूर्ण बहुमत को गांव, गरीब, वंचित, दलित, महिला, युवा और किसान को समर्पित किया। उनके शरीर का कण- कण और जीवन का क्षण - क्षण राष्ट्र का विकास और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित है। भाजपा का संकल्प पत्र एनडीए सरकार की उपलब्धियां का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करता है और 2047 तक एक विकसित भारत निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। भाजपा ने घोषणा पत्र में युवाओं के लिए, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए, रेलवे के लिए, संस्कृति के लिए, और भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम उठाने के लिए, समान नागरिक संहिता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम का संचालन कमल पनपालिया ने किया।


## फार्मेट सी-7

(राजनैतिक दलों द्वारा समाचार पत्र, दल के सोशल मीडिया प्लेटफार्म और वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाने हेतु)

**अभ्यर्थी के रूप में चयनित किए गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना और ऐसे चयन के कारण तथा बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नहीं चुना गया, से संबंधित विवरण**

**(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में वर्ष 2018 की अवमानना याचिका (सिविल) सं. 2192 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13 फरवरी 2020 के आदेश अनुसरण में जारी आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार)**

राजनैतिक दल का नाम :- **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
निर्वाचन का नाम :- लोकसभा चुनाव वर्ष-2024
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :- छत्तीसगढ़
(1) निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- लोकसभा क्षेत्र क्रं.-10 बस्तर (अजजा)
अभ्यर्थी का नाम :- **श्री कवासी लखमा**

| सं. क्र. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आपराधिक पूर्ववृत | | |
| | क | अपराधों की प्रकृति | 1. धारा 7, 11 भ.नि. अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 व धारा-420, 467, 468, 471, 120 बी, भा.दं.वि.<br>2. धारा-171 बी, 171 ग, 171 ई एवं 188 भा.दं.वि. तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा- 123 |
| | ख | मामला संख्या | 1. FIR No. 04/2024, Dt. 17.01.2024<br>2. FIR No. 155/2024, Dt. 25.03.2024 |
| | ग | न्यायालय का नाम | नहीं है |
| | घ | क्या आरोप विरचित कर दिए गए हैं या नहीं (हां/नहीं) | नहीं है |
| | ङ | दोषसिद्धि की तिथि, यदि कोई हो | नहीं है |
| | च | भुगती गई सजा का विवरण, यदि कोई हो | नहीं है |
| 2 | अभ्यर्थी के चयन का कारण, चयन अभ्यर्थी की योग्यता, उपलब्धि और उसकी मेरिट को देखते हुए किया जाएगा न कि सिर्फ मतदान में विजय प्राप्त करने की क्षमता (100 शब्द से अधिक न हो) | | जिस पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, उससे संबंधित कौशल संचार नेतृत्व, समस्या समाधान जैसे क्षेत्र में दक्षता भी महत्वपूर्ण है। राजनैतिक प्रणाली के कामकाज का बेहतर ज्ञान मतदाताओं के बीच लोकप्रियता व्यापक स्तर पर लोगों से अपील करने और जनता का समर्थन आकर्षित करने की क्षमता, विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के बीच संतुलन बनाए रखने की क्षमता, उम्मीद्वार को पार्टी की विचारधारा मान्यताओं और मूल्यों के प्रति कटिबद्ध होने के कारण चुना गया है। |
| 3 | यह कारण बताए कि बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नहीं चुना गया (100 शब्द से अधिक न हो) | | पार्टी उम्मीद्वार के चयन के लिए आंतरिक विचार विमर्श और बातचीत करती है। क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, स्थानीय बोली व भाषा का व्यापक ज्ञान जैसे कारक उम्मीद्वार के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उम्मीद्वार की पसंद मतदाता पर निर्भर करती है। उम्मीदवार के पास कांग्रेस के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आवश्यक कौशल, अनुभव और समर्पण है। यह उम्मीदवार निर्वाचन क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव और प्रगति लाने की क्षमता रखता है और लोगों की जरूरत को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करेगा। |

**राज्य सभा या विधानसभा सदस्यों (एमएलए) द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।**

**(मलकीत सिंह गैदू)**
**प्रभारी महामंत्री (संगठन एंव प्रशासन)**
**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी**

**फार्मेट सी-2**

(राजनैतिक दलों के लिए वेबसाइट, समाचार पत्रों/ टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

**दल द्वारा खड़े किए गये अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

**(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)**

राजनैतिक दल का नाम :- **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
निर्वाचन का नाम :- **लोकसभा आम चुनाव-2024**
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :- **छत्तीसगढ़**

| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं. क्र. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | | लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के विषय के संबंध में विवरण | |
| | | | | न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एव आदेश (शों) की तारीख | अपराध(धों) और अधिरोधित किए गए दण्ड का विवरण |
| 1 | श्री कवासी लखमा | 10 | बस्तर-अजजा | न्यायालय वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना-ईओडब्ल्यू, रायपुर) (FIR No. 04/2024 Dt. 17.01.2024) | धारा 7, 11 भा.नि. अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 व धारा-420, 467, 468, 471, 120 बी, भा.द.वि. **संक्षिप्त विवरण:-** श्री हेमंत उप-निदेशक प्रवर्तन निदेशालय, रायपुर की ओर से सूचनार्थ पर श्री फरहान कुरैशी, उप-पुलिस अधीक्षक, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, रायपुर के द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिस पर विवेचना जारी है। | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | | | न्यायालय वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना-कोतवाली, जगदलपुर) (FIR No. 155/2024 Dt. 25.03.2024) | धारा-171 बी, 171 ग, 171 ई एवं 188 भा.द.वि. तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-123 **संक्षिप्त विवरण :-** विवेचना जारी है | लागू नहीं | लागू नहीं |

**राज्य सभा के निर्वाचन और विधानसभा सदस्यों द्वारा, विधानपरिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।**

टिप्पणी (i) उपर्युक्त सूचना प्रत्येक राज्य/संघ शासित क्षेत्र के लिए राज्यवार प्रकाशित की जाएगी।
(ii) समाचार पत्रों में विषयवस्तु कम से कम 12 के फोन्ट आकार में प्रकाशित की जानी चाहिए।

**(मलकीत सिंह गैदू)**
**प्रभारी महामंत्री (संगठन एंव प्रशासन)**
**छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी**

एक नजर

## ओम्नी-चैनल शॉपिंग सेगमेंट का विस्तार




**रायपुर, 17 अप्रैल।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक और देश के प्रमुख प्रीमियम फैशन, सौंदर्य तथा उपहार ओम्नी चैनल गंतव्यों में से एक, शॉपर्स स्टॉप ने अपने सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड - एक्सिस बैंक शॉपर्स स्टॉप क्रेडिट कार्ड - के लॉन्च की घोषणा की। यह साझेदारी कार्डधारकों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करेगी। एक्सिस बैंक शॉपर्स स्टॉप क्रेडिट कार्ड, एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो के ओम्नी चैनल शॉपिंग स्पेस में विस्तार का प्रतीक है। इस सहयोग के तहत एक्सिस बैंक के नवोन्मेषी वित्तीय समाधान, देश भर में व्यापक शाखा नेटवर्क तथा भौगोलिक पहुंच और शॉपर्स स्टॉप के मज़बूत नेटवर्क तथा इसके 9.8 मिलियन फर्स्ट सिटीजन्स क्लब सदस्यों की तादाद का लाभ उठाया जाएगा।

## रियलमी पी सीरीज 5जी लॉन्च

**रायपुर, 17 अप्रैल।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज़ में 5जी स्मार्टफोन - रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफ़ॉर्मेंस और असाधारण यूज़र अनुभव के साथ मिड-रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज़ के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी पी सीरीज़ 5जी पेश करने की खुशी है। यह स्मार्टफोन उद्योग में परफ़ॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज़ 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं, जो मिड-रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे। साथ ही हमने नई पी सीरीज़ के साथ रियलमी पैड 2, वाई-फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च किए हैं।

# हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने के निर्देश

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 17 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के द्वतीय व तृतीय चरण में अपनी ताकत और बढ़ाने झोंकने का निश्चय किया है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं प्रभारी अजय जामवाल तथा संगठन मंत्री पवन साय सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का निश्चय किया गया। दूसरे एवं तीसरे चरण के चुनाव के लिए योगी आदित्यनाथ और नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभाओं को भी सफल बनाने पर मंथन हुआ।

भाजपा के प्रचार-प्रसार प्रमुख लोकेश कावड़िया ने बताया कि राज्य में तीन चरण में चुनाव हो रहे हैं। प्रथम चरण में बस्तर 19 अप्रैल को, द्वितीय चरण में महासमुंद, राजनांदगांव व कांकेर में मतदान 26 अप्रैल को होगा। तृतीय चरण में सात मई को मतदान होगा। प्रथम चरण में बस्तर में होने वाले मतदान के लिए भाजपा ने सभी विधानसभा में कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है। गर्मी व नवरात्र की वजह से चुनाव प्रचार प्रभावित हुआ है। पदाधिकारियों के अनुसार कार्यकर्ता देररात प्रचार में निकल रहे हैं। बस्तर में भाजपा के महेश कश्यप और कवासी लखमा के बीच मुकाबला है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बूथस्तर पर सक्रिय हो जाए। मोदी की गारंटी एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों का हवाला देकर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाएं।

**बस्तर में मतदान दल हेलीकाप्टर से रवाना:** प्रथम चरण के तहत बस्तर लोकसभा में 19 अप्रैल को मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टी को हेलीकाप्टर से रवाना किया गया। यह मतदान दल निर्धारित स्थल से उतरकर मतदान केंद्रों में पैदल जाएगा। इनके साथ पुलिस फोर्स भी जाएगी। मतदान कराने के लिए करीब 1003 व्यक्तियों के लिए हेलीकाप्टर की व्यवस्था की गई है। बस्तर में आज शाम 5 बजे चुनावी शोरगुल थम जाएगा। यहां पर कुल 350 पुलिस कंपनियां तैनात की गई है। कुल 14,70,000 मतदाता हैं। मतदान केंद्रों की संख्या 1964 है। इनमें से 96 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। सुकमा व दंतेवाड़ा सीमावर्ती क्षेत्र है जो कि तेलंगाना से लगा हुआ है। इसलिए यहां पर तेलुगु, गोंडी भाषा में चुनाव प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस के विधायक व अन्य नेता भी सक्रिय हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी व योगी आदित्यनाथ की होंगी सभाएं

प्रदेश भाजपा महामंत्री सुरेश रोहरा ने बताया कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभाओं की भारी डिमांड है। वे दूसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 23 अप्रैल को राजनांदगांव में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। राजनांदगांव में हाईप्रोफाइल चुनाव हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनाव लड़ने से कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा धमतरी और चांपा-जांजगीर में आयोजित की जाएगी। धमतरी महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में आता है। यहां से भाजपा की रूपकुमारी चौधरी प्रत्याशी हैं। उनका कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू के साथ मुकाबला है। रमोदी की चुनावी सभाओं की तिथि शीघ्र आ जाएगी। सुरक्षागत कारणों से इसे गोपनीय रखा गया है।

# राष्ट्रहित के लिए भाजपा जरूरी: योगेश्वरानंद



**रायपुर, 17 अप्रैल।** देश में चुनाव का माहौल है। सभी प्रत्याशियों ने अपनी एड़ी चोटी लगाना शुरू कर दिया है। पक्ष विपक्ष पार्टियों का एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप सिलसिला जारी है। देश में मुख्य पार्टियों में भाजपा - कांग्रेस ने जनता को अपनी ओर आकर्षित करने कई घोषणाएं अपनी संकल्प पत्र में शामिल किया है। 2014 के बाद से केंद्र पर लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी हुई है। लोकसभा चुनाव 2024 में अगर भाजपा जीतती है तो केंद्र में भाजपा की हैट्रिक होगी। एक तरफकांग्रेस की न्याय यात्रा है तो दूसरी ओर मोदी की गारंटी को लोगों ने अपना माना है। चुनाव में लगातार सेवा दे रहे भारतीय जनता पार्टी से योगेश्वरानंद नेताम(योगी) ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने को है। आज अमेरिका, यूरोप, फ्रांस, चाइना जैसे देशों में भारत ने अपना लोहा मनवाया है।

एक महान संत ने कहा है कि भारत विश्व का गुरु था, विश्व का गुरु है और विश्व का गुरु रहेगा। हम सब ऋषि पुत्र है। भारत की संस्कृति, सभ्यता और लाज बचाना है तो केंद्र में भाजपा की सरकार पुनः स्थापित करना होगा और सभी से अनुरोध है कि हिंदुत्व की रक्षा करने के लिए भाजपा को अपना मत दे। नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा है वो आज या कल का विजन लेकर नही चल रहे है वो 2047 का विजन लेकर चल रहे हैं। जिसे हम अभी से अनुभव कर सकते है चाहे 370 आर्टिकल हो या फिर 3 तलाक हो या हमारे परम आराध्य भगवान रामलला की मंदिर बनाकर उसमें प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हो। पूरे भारत को अपने कार्यशैली से प्रभावित किया है। हम धन्य है को हमें ऐसे तपस्वी मंडल के शिरोमणि माननीय नरेन्द्र मोदी मिले।

# लोस चुनाव में जीत का मंत्र देने कोर कमेटी सदस्यों के बीच पहुंचे अजय जामवाल

**रायपुर, 17 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रायपुर जिले की सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों की कोर कमेटी के सदस्यों और लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक भारतीय जनता पार्टी के एकात्मक परिसर में हुई। इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जाम्वाल की उपस्थिति में संगठन के पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति बनाई गई। बैठक में चुनावी रणनीति एवं उसके क्रियान्वयन हेतु विभिन्न दिशा निर्देश सभी विधानसभाओं के कोर कमिटी सदस्यों और लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों को जाम्वाल द्वारा दिए गए।

इसके पूर्व बैठक का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जांबवाल, पवन साय, संजय श्रीवास्तव, इंद्रकुमार सहित अन्य नेताओं ने भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया। छत्तीसगढ़ में बहुमत सरकार बनने पर जाम्वाल ने कोर कमेटी के सदस्यों को प्रेषित की बधाई इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जाम्वाल ने बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को संबोधित किया। साथ ही चुनाव संबंधित विशेष दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव संबंधित रणनीति के गुर उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाया। अजय जाम्वाल ने उपस्थित कोर कमिटी सदस्यों को छत्तीसगढ़ में बड़े बहुमत से सरकार बनाने बधाई प्रेषित की। कहा ये आपके अथक परिश्रम का प्रतिफल ही है, जो हमने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। उन्होंने आगे कहा की लोकसभा चुनाव में भी आपका प्रदर्शन पहले से बेहतर होना चाहिए। आप राजधानी के निवासी हैं पूरा प्रदेश आपका अनुसरण करता है। इसलिए आपको इतनी मेहनत करनी है और ऐसा चुनावी माहौल तैयार करना है की पूरे प्रदेश में आपके द्वारा बनाए गए माहौल का करेंट पहुंचे और अन्य लोकसभाओं में भी आपकी ऊर्जा से प्रेरणा ली जाए। अजय जांबवाल ने बूथों की ग्रेडिंग करने पर जोर दिया और कहा सबसे पहले कमजोर बूथों को जहां हमें विधानसभा चुनाव में बहुत ही कम मतदान प्राप्त हुआ उन सभी बूथों में विशेष ध्यान देकर उन बूथों को मजबूत करने हेतु कार्य करना चाहिए













कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26